तापमान अधिकतम :35°C न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 81,186.44 निफ्टी 24,683.90

सोना 96,380 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 21 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper





## संक्षिप्त समाचार

### मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले, तो बेहतर।

### खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। खट्टर ने ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रासीलिया में कल आयोजित ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 2018 के बाद प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त होगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश से प्राथमिक 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती में चयनित ऐसे शिक्षक, जिन्होंने 2018 के बाद शैक्षिक योग्यता प्राप्त की थी, उनकी सेवा अब समाप्त कर दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस मामले में निर्देश जारी कर दिया गया है । सचिव ने बीएसए को आदेश देते हुए कहा कि जिन्होंने 2018 के बाद आवेदन किया था, उन शिक्षकों की सेवा तुरंत खत्म कर दी जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी इस मामले में आदेश देते हुए कहा तय तिथि के बाद अभ्यर्थी का चयन नहीं होगा। 69,000 शिक्षक भर्ती मामले में कई ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने तय तिथि के बाद आवेदन किया था। 2018 तक हुआ था शिक्षक भर्ती का आवेदन, लेकिन इसके बाद भी तय तिथि के बाद भी अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने साफ-साफ कहा है की 2018 के बाद जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, वह अब चयन के पात्र नहीं हैं। शिक्षकों के चयन के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## योगी ने कासगंज में साठ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया

# आंतरिक सुरक्षा को पुलिस आधुनिकीकरण जरूरी

**कासगंज, वार्ता**



■ पुलिस लाइंस बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च हुए, पुलिस के मार्डन होने पर मील का पत्थर साबित होगी : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस बल का आधुनिकीकरण बहुत जरुरी है। कासगंज में 724 करोड़ रुपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर उन्होंने 25.63 हेक्टेयर में फैली नवनिर्मित अत्याधुनिक पुलिस लाइंस का उद्घाटन भी किया, इसे बनाने में 191 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं।

योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार कासगंज की पौराणिक और आध्यात्मिक विकास के साथ ही यहां की बुनियादी सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 2008 में बना कासगंज जिला विकास के लिए तरस रहा था। 2017 से पहले की सरकारों के एजेंडे में विकास कभी नहीं रहा, अराजकता और भ्रष्टाचार ही उनकी पहचान थी। आज कासगंज विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कासगंज में नवनिर्मित पुलिस लाइंस उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह पुलिस लाइंस 1,000 पुलिस कर्मियों के लिए बैरक, अधिकारियों के लिए आवासीय सुविधाएं, ऑडिटोरियम और अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस कर्मी टूटी-फूटी बैरकों में रहने को मजबूर थे, लेकिन अब हाई-राइज इमारतों में शानदार आवासीय सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पुलिस लाइंस देश के लिए एक मॉडल है। योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की तारीफ करते हुए कहा कि यह पुलिस को सशक्त बनाने और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि आज यूपी पुलिस माफियाओं के लिए काल बन चुकी है। कोई माफिया समानांतर सरकार नहीं चला सकता, न ही गरीब की संपत्ति पर कब्जा कर सकता है। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को अब यमराज का इंतजार करना पड़ता है। उन्होने कहा कि जैसे देश की सुरक्षा के लिए पीएम मोदी के सेना का आधुनिकीकरण किया, जिसका परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में देखनो को मिला, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास मजबूत सेना और बहादुर जवान न होते, तो देश की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। आज भारतीय सेना दुश्मन के घर में घुसकर उसका खात्मा करने की क्षमता रखती है। वैसे ही देश और राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए पुलिस का आधुनिकीकरण करना जरूरी है। योगी ने 2017 से पहले की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में उत्तर प्रदेश में अराजकता का माहौल था।

### पूर्ववर्ती सरकारें फैलाती थी अराजकता

उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 में कासगंज जिले के गठन के बाद भी पूर्ववर्ती सरकारों ने पुलिस लाइंस जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। 2008 से 2017 तक, न जमीन दी गई, न पैसा। 12 जिलों में पुलिस लाइंस नहीं थीं। डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था। ऐसी स्थिति में 25 करोड़ की आबादी की सुरक्षा कैसे संभव थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें गुंडों के साथ मिलकर अराजकता फैलाती थीं, सज्जनों को प्रताड़ित करती थीं।

## पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता पर भ्रष्टाचार का आरोप

**राज्य मंत्री की शिकायत पर सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश**

**लखनऊ।** यूपी के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की शिकायत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला तब सामने आया, जब राज्य मंत्री ने 1 मई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुख्य अभियंता पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री को कई दिनों से रामनाथ सिंह के भ्रष्टाचार के बारे में शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में कहा गया था कि रामनाथ सिंह ने अफसरों से सठगांठ करके लखनऊ में पिछले 18 साल से तैनाती कर रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने करीबी ठेकेदारों को टेंडर दिलाने और कमीशन वसूलने का भी आरोप झेला है। इसके अलावा रामनाथ सिंह पर यह भी आरोप है कि उन्होंने ठेकेदारों के रजिस्ट्रेशन में फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मोटी रकम कमाई। इसमें भी आरोप है कि रामनाथ सिंह निर्माण कार्यों की जांच करने के नाम पर वसूली करते थे। अपने नजदीकी कर्मचारियों को भी दो-दो पदों का लाभ दिलाने के आरोप भी उन्हें झेलने पड़ रहे हैं। इन सब आरोपों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनाथ सिंह का तत्काल स्थानांतरण करने का आदेश दिया है और मामले की जांच के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मयंकेश्वर शरण सिंह ने सीएम से मुलाकात में आरोप लगाया था कि रामनाथ सिंह ने विभाग में अपनी लंबी तैनाती का फायदा उठाते हुए कई घोटाले किए हैं और उन्होंने विभागीय कार्यों में अनियमितताएं बरती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में पारदर्शिता की कमी के कारण भ्रष्टाचार का बोलबाला है, जिससे सरकारी कामों में देरी और गुणवत्ता की कमी आ रही है।

## राहुल ने कर्नाटक में छठी गारंटी का शुभारंभ किया

**होसपेट, वार्ता**



■ सरकार के दो साल पूरे होने पर संकल्प रैली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार की छठी गारंटी के रूप में नई भूमि अधिकार पहल की घोषणा की।

सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली सरकार के दो साल पूरे होने के अवसर पर यहां आयोजित समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने प्रत्यक्ष लाभ योजनाओं के माध्यम से लोगों के कर के पैसे को वापस करने का अपना वादा पूरा किया है और अब वंचितों के लिए भूमि स्वामित्व सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में भूमि स्वामित्व का मुद्दा लंबे समय से अनसुलझा है, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गैर-मान्यता प्राप्त राजस्व गांवों में रहने वाले आदिवासी समुदाय प्रभावित हैं। हमने देखा कि हालांकि बहुत सारी जमीन है, लेकिन कई लोग कानूनी रूप से इसके मालिक नहीं हैं। इस छठी गारंटी के साथ, हमारा लक्ष्य उस ऐतिहासिक अन्याय को सुधारना है। इस मौके पर उन्होंने घोंषणा की कि सरकार 500 नए राजस्व गांवों को अधिसूचित करेगी और वर्तमान में बिना औपचारिक शीर्षक वाले परिवारों के लिए भूमि का सही स्वामित्व सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय गारंटी समितियों की स्थापना करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश का पहला राज्य होगा जो सार्वभौमिक भूमि स्वामित्व को लागू करेगा। भूमि लोगों की है। यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए हमारा दृष्टिकोण है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ चर्चा का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल हाशिए पर पड़े समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर एक ऐसे मॉडल को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसका लाभ केवल कुछ अमीर परिवारों को मिलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के मॉडल के तहत सार्वजनिक धन विदेश में, लंदन और न्यूयॉर्क की संपत्तियों में जाता है, जबकि हमारा मॉडल गरीबों के हाथों में और स्थानीय अर्थव्यवस्था में पैसा पहुंचाता है।

## स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



■ गरीब सरकारी निजी अस्पतालों के बीच फंसे

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। विभागीय मंत्री अस्पतालों, चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने और मरीजों के इलाज के बजाय दूसरे कामों में व्यस्त है। उन्हें आम जनता और मरीजों की समस्याओं और परेशानी से कोई मतलब नहीं है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में सरकारी और निजी अस्पतालों में मनमानी चरम पर है। भाजपा सरकार मरीजों और उनके तीमारदारों को इलाज और न्याय दिलाने के बजाय पीड़ितों पर लाठीचार्ज करती है। अस्पतालों में दवा, जांचें और उचित इलाज नहीं मिल रहा है। गरीब सरकारी और निजी अस्पतालों के बीच भटकने पर मजबूर हैं। अस्पतालों में कहीं डॉक्टर नहीं है, कहीं स्ट्रेचर और बेड नहीं है, तो कहीं जांचें ठप्प है। स्वास्थ्य विभाग इलाज और सुविधाओं की जगह भ्रष्टाचार और आगजनी की घटनाओं के लिए पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के अभाव में थक हार कर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हो रहे है।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर लूट हो रही है। कन्नौज के छिबरामऊ में निजी अस्पताल में डाक्टरों की लापरवाही से एक बेटी रूचि गुप्ता को जान गवानी पड़ी। बेटी के लिए न्याय मांगने वालों पर सरकार ने अत्याचार किया। न्याय के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भाजपा सरकार की पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कन्नौज के भाजपा नेता सुब्रत पाठक, विधायक श्रीमती अर्चना पाण्डेय और सरकार का आरोपियों को संरक्षण है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाली में डूबती जा रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मरीजों का भरोसा उठता जा रहा है। जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर केवल बिल्डिंगे खड़ी है। समाजवादी सरकार में जौनपुर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज समेत कई जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए गए। लखनऊ में विश्वस्तरीय कैंसर संस्थान बनाया गया। लेकिन इस सरकार ने इलाज और सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री अपने विभागीय कार्यों में असफल होने के बाद वे ध्यान भटकाने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने के कार्य में ज्यादा रूचि ले रहे है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हम तैयार हैं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सभी नागरिक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। अब्दुल्ला ने गंदेरबल जिले में माता खीर भवानी मंदिर के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। प्रशासन का तत्काल ध्यान तीन जून को कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक धार्मिक आयोजन, वार्षिक माता खीर भवानी मेले के सफल आयोजन पर है। उन्होंने से कहा कि जहां तक नागरिक व्यवस्थाओं का सवाल है, हम पूरी तरह तैयार हैं। जहां तक सुरक्षा का सवाल है, उचित कदम उठाए जाएंगे। अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा, हिंदू धर्म की सबसे प्रतिष्ठित तीर्थयात्राओं में से एक, पारंपरिक रूप से सोनामर्ग- बालटाल और पहलगाम मार्गों से संचालित की जाती है।

## उप्र में प्रचंड तपिश से राहत पहुंचाएंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में 23 मई को आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं, जिसके चलते तापमान में मामूली गिरावट आने का अनुमान है।


मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के दक्षिणी भाग से होकर पाकिस्तान से बांग्लादेश तक विस्तृत द्रोणी के कारण चल रही आर्द्र पुरवा के प्रभाव से बुन्देलखंड को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों में दैनिक उतार चढ़ाव के बावजूद यद्यपि अधिकतम तापमान सामान्य अथवा सामान्य से कम बने हुए हैं। हालांकि वायुमंडलीय आर्द्रता का स्तर बढ़ने से आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है। उन्होने बताया कि बुन्देलखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा एवं झांसी में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान दर्ज किए गए। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा भी रिकॉर्ड की गई।

विभाग के अनुसार आगामी 24-48 घंटों के दौरान इन परिस्थितियों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने तथा 22 मई को अरब सागर में संभावित निम्न दाब क्षेत्र एवं इसके उत्तरोत्तर घानीभूत होते हुए उत्तर दिशा की ओर बढ़ने से अरब सागर से आने वाली नम दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं का प्रदेश में चल रही पुरवा हवाओं के साथ समागम के परिणामस्वरूप 23 मई से प्रदेश में वर्षा के क्षेत्रफल एवं तीव्रता दोनों में वृद्धि होने से तापमान में थोड़ी और गिरावट आने की संभावना है।

**अर्थ व्यापार**

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में मचा कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही, वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974 में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई, वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059.42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24,996.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,010.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,669.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे।

## उठाव कमजोर, खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट की तेजी के साथ 3926 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट गिरकर 49.30 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 512 रुपये, सोया रिफाइंड 73 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल सस्ते हो गए, जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल में 147 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100- 6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पोस्टर वॉर...**को राहुल गांधी ने एक्स पर निजी न्यूज चैनल का वीडियो शेयर कर जयशंकर पर पाकिस्तान को जानकारी देने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा कि सरकार ने ऐसा किया। उन्हें किसने अधिकार दिया? इसके चलते हमें वायुसेना को कितने विमान गंवाने पड़े? विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया था। वहीं, डीजीएमओ राजीव घई ने कहा था कि ऑपरेशन शुरू होने के बाद हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि हम आतंक के अड्डों पर हमला करेंगे। पाकिस्तान ने बातचीत से इन्कार कर दिया और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने 19 मई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने भाजपा को 'सिंदूर का सौदागर' कहा। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दावा करते रहे कि उन्होंने युद्ध रुकवाया। भारत को व्यापार बंद करने की धमकी दी। यानी सिंदूर का सौदा होता रहा और पीएम चुप रहे। इसके साथ ही खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से राहुल गांधी के सवाल दोहराए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने स्वीकारा है कि उन्होंने एयर स्ट्राइक से पहले पाकिस्तान को जानकारी दे दी थी। अब सरकार बताए, इस वजह से हमने कितने विमान गंवाए। ये कोई गलती नहीं थी, ये एक अपराध था, पाप था। देश को सच्चाई जानने का हक है।

**हवाला की तरह....**आप जमीनी हकीकत से आंखें मूंद लेंगे, लेकिन इसे रेगुलेट करने के बारे में क्या सोचा है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर यह टिप्पणी गुजरात में अवैध बिटकॉइन ट्रेड के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी शैलेश बाबूलाल भट्ट की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। शैलेश भट्ट पर कई राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित धोखाधड़ी का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि वह यह पता नहीं लगा सकती कि आरोपी पीड़ित है या लोगों को प्रताड़ित करने वाला। दरअसल, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दावा किया था कि आरोपी गुजरात में बिटकॉइन के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक था और उसने हाई रिटर्न का वादा करके दूसरों के साथ धोखाधड़ी और किडनैपिंग की। आरोपी शैलेश भट्ट के वकील मुकुल रोहतगी ने पहले तर्क दिया था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग अवैध नहीं है, खासकर 2020 से जब सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक के उस सर्कुलर को रद्द कर दिया था, जिसने बैंकों को क्रिप्टो-संबंधित लेनदेन की सुविधा देने से रोक दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून के अभाव में भट्ट की गिरफ्तारी गलत थी। सुप्रीम कोर्ट इससे पहले 5 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि भारत में बिटकॉइन ट्रेडिंग हवाला कारोबार के नए तरीके से निपटने जैसा है। बेंच ने अफसोस जताया कि केंद्र अब तक क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बना पाया है।

## सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है।

गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं, बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गये हैं। उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे। 'गुजरात समाचार' ने कांग्रेस के खिलाफ भी लिखा है, लेकिन हमने कभी उनके यहां ईडी या सीबीआई नहीं भेजी या कभी छापेमारी नहीं करवाई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश देखना चाहता है कि कब मोदी सरकार हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को गिरफ्तार करेगी। वो आतंकवादी कहां चले गए, वे पाकिस्तान वापस चले गए या भारत की जमीन पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के बदले, सरकार ने इस मुद्दे पर सवाल पूछने वाले गुजरात के लीडिंग न्यूज पेपर 'गुजरात समाचार' के मैनेजिंग एडिटर को टारगेट किया है, ये भाजपा सरकार की मंशा को दिखाता है। ऐसा लगता है कि पहलगाम के आतंकवादियों को पकड़ना इस सरकार की प्राथमिकता नहीं है। सरकार की प्राथमिकता है कि कैसे सत्ता से सवाल पूछने वाले अखबारों को बंद किया जाए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

तापमान अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

सेंसेक्स 81,186.44
निफ्टी 24,683.90

सोना 96,380
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 21 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 22 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने की नेतन्याहू की घेराबंदी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**अभिषेक शर्मा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पोस्टर वॉर: कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा

## भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया था, पाक आर्मी चीफ के साथ चेहरा किया मिक्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की।

उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा कि राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं कि तेज आवाज में पूछो। 19 मई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि विदेश मंत्री की चुप्पी निंदनीय है और इससे सब साफ हो रहा है। मैं फिर से पूछूंगा कि उन्हें ऐसा करने का अधिकार किसने दिया, उनके ऐसा करने से हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो दिए। 17 मई -शेष पृष्ठ दो पर



- राहुल ने पीएम को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी: भाजपा
- कांग्रेस ने भाजपा को सिंदूर का सौदागर बताया

# यूट्यूबर ज्योति से एनआईए की पूछताछ, टेरर लिंक की जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से सोमवार को एनआईए, जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह भारत से निष्कासित पाकिस्तान उच्चायोग के कर्मी दानिश से जुड़े फेक प्रोफाइल्स के साथ चैट और ग्रुप में जुड़ी थी। उसके वीडियो के मेटा डेटा दिखाते हैं कि कई रिकॉर्डिंग पाक की उन जगहों पर हुई, जहां आम लोग नहीं जा सकते। ये भी पता चला कि ज्योति के जीमेल अकाउंट में पाकिस्तानी आईपी से कई बार लॉग इन हुआ। हाई रैंकिंग खुफिया सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध यात्राएं, विदेशी संपर्क और यूट्यूब चैनल पर अपलोड हुए संवेदनशील वीडियो के चलते ज्योति कई महीने से खुफिया एजेंसियों के रडार पर थी। डिजिटल फोरेंसिक जांच में उसकी विदेश यात्राओं के साथ-साथ पठानकोट, नाथू ला पास और अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों के प्रमाण मिले। ज्योति के स्मार्टफोन और लैपटॉप की लोकेशन हिस्ट्री, फोटो मेटा डेटा और क्लाउड स्टोरेज ने रणनीतिक और सीमाई क्षेत्रों में वीडियो रिकॉर्डिंग की ओर एजेंसियों का ध्यान खींचा। ज्योति ने पूछताछ में क्या बताया, इस पर अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। उसका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। वह जून 2023, नवम्बर 2023 और अप्रैल 2024 में पाकिस्तान गई थी। वहीं, ज्योति की ट्रैवल ब्लॉग पार्टनर ओडिशा की प्रियंका सेनापति ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अगर पता होता कि वह दुश्मन देश की जासूस है, तो संपर्क नहीं करती। ज्योति ने पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के अलावा पाकिस्तान व चीन से लगते संवेदनशील बॉर्डर एरिया के वीडियो भी सोशल मीडिया पर अपलोड किए थे।



- गिरफ्तार यूट्यूबर के क्लाउड स्टोरेज में रडार और बीएसएफ मूवमेंट के वीडियो भी मिले

## न्यायिक सेवा के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति एजी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है।

# हवाला की तरह अवैध है बिटकॉइन

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: यह अर्थव्यवस्था को कर सकता है प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिटकॉइन ट्रेड को हवाला कारोबार की तरह ही अवैध व्यापार करार दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक समानांतर अंडर-मार्केट है और यह अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने के लिए स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाते। बेंच ने केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करके, सरकार व्यापार पर नजर रख सकती है। बेंच ने केंद्र सरकार को याद दिलाया कि उसने लगभग दो साल पहले डिजिटल करेंसी को लेकर भारत की नीति पर स्पष्टता मांगी थी। इसके बावजूद सरकार इसे रेगुलेट करने में विफल रही। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आंखें मूंदने के समान है। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि आपसे कोई नहीं कह रहा है कि बिटकॉइन ट्रेड पर रोक लगा दीजिए, क्योंकि आपने पहले कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी अवैध नहीं है और इस पर बैन लगाना अर्थव्यवस्था के लिए बुद्धिमानी नहीं होगी। बैन लगाने से शायद -शेष पृष्ठ दो पर



- कोर्ट ने कहा: सरकार क्रिप्टोकरेंसी पर स्पष्ट नीति क्यों नहीं बनाती

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई


**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज आगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार (आज) को सुनवाई तय की है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा: अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

## संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए गठित सात संसदीय दल 21 मई (आज) से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे और इन दलों में शामिल 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक पाकिस्तान में मौजूद वैश्विक आतंकवादी ढांचे और उसके समर्थकों की पोल दुनिया के सामने खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला पहला समूह 23 मई को बहरीन, 25 मई को कुवैत, 27 मई को सऊदी अरब और 30 मई को अल्जीरिया जाएगा। इस समूह में अन्य सदस्य भाजपा के निशिकांत दुबे, भाजपा के फांगनोन कोन्याक, भाजपा की रेखा शर्मा, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन के असद्दुदीन ओवैसी, नामांकित सतनाम सिंह संधु और गुलाम नबी आज़ाद हैं।



# अपहरणः तीन आरोपी गिरफ्तार

## 50 लाख रुपये की फिरौती से जुड़ा है मामला, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

- तुषार अपहरण कांड का पुलिस ने किया खुलासा
- पुलिस ने बांदा से किया था बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुनियोजित अपहरण कांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मामला 50 लाख रुपये की फिरौती से जुड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि बीते 7 मई को तल्ली बमौरी गली नंबर-1 मुखानी निवासी गिरीश चन्द्र लोहनी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पुत्र तुषार लोहनी के साथ मारपीट करते हुए उसका अपरहण कर कार में डालकर फरीदाबाद ले गए। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने बीते 11 मई को तुषार लोहनी को अत्तरा शहर बांदा से घायल अवस्था में सड़क किनारे से बरामद कर लिया। जिसके बाद उसके बेस अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश के बाद गठित हुई टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी आलोक तिवारी से अपहृत तुषार लोहनी के बीच 50 लाख रुपये के लेन-देन का विवाद था। इसी के चलते आलोक ने अपने पुराने परिचित मुन्ना कुरैशी तावडू, हरियाणा, दयाशंकर तिवारी बांदा, अंकुश कुमार और विनय प्रताप कृपालपुर, इटावा के साथ मिलकर 6 मई को हल्द्वानी के बावर्ची रेस्टोरेंट से तुषार का अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे बांदा और चित्रकूट में अलग-अलग जगहों पर रखा गया और परिजनों से फिरौती की मांग की गई। पुलिस ने दयाशंकर तिवारी पुत्र स्व रामप्रताप तिवारी निवासी ग्राम महोखरं कोतवाली देहात जनपद बांदा हाल पता होटल गुरूदेव के पास सिविल लाईन्स कोतवाली नगर जनपद बांदा, अंकुश कुमार पुत्र आछे लाल निवासी कृपालपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा, विनय प्रताप पुत्र विशाल निवासी कृपालपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रहीर है। गुडवर्क करने वाली टीम में मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी, एसआई वीरेन्द्र चंद्र, एसआई हरजीत राणा, एसआई वीरेन्द्र बिष्ट, कांस्टेबल बलवंत बिष्ट, रविन्द्र खाती, चन्दन सिंह नेगी शामिल रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो नशा तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025 के तहत नैनीताल पुलिस ने नशा माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 79 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। एसओजी और कोतवाली हल्द्वानी की पुलिस टीम ने भट्ट क्रेन सर्विस के पास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए एक व्यक्ति को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि मोहम्मद शाहिद बरेली (उप्र) का रहने वाला है जो नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल है। उसके कब्जे से नशे के 45 इंजेक्शन बरामद हुए। शाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं बनभूलपुरा पुलिस ने मोहम्मद फिरोज नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी नशा तस्करी और आगजनी के मामलों में जेल जा चुका है। फिरोज के कब्जे से नशे के 34 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ सहित अधिकारी शामिल रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी उस्मान की जमानत याचिका खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महज 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 73 वर्षीय उस्मान अली बीती 1 मई से हल्द्वानी उप कारागार में कैद है। उसकी जमानत याचिका पर मंगलवार को जिला पॉक्सो कोर्ट में सुनवाई की गई। आरोपी की अधिवक्ता ने जमानत देने के लिए कई आधार पेश किए, लेकिन बेहद संगीन अपराध और पीड़िता की पैरवी कर रहे अधिवक्ता की दलीलों को सुनते हुए कोर्ट ने जमानत याचिक खारिज कर दी। आरोपी उस्मान अली अब जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा। 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की ये घटना 12 अप्रैल की है और जब 30 अप्रैल को मामला खुला तो नैनीताल में बवाल मच गया। 1 मई को भारी बवाल के बीच उस्मान अली को गिरफ्तार किया गया। बेस अस्पताल में उसका मेडिकल कराया गया और जिला पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में आरोपी की ओर से जमानत याचिका लगाई गई, जिस पर 17 मई को सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई टल गई और 20 मई की तारीख दी गई। 20 मई को आरोपी का पक्ष रखते हुए उसकी अधिवक्ता ने दलील दी कि अभियुक्त को झूठा फंसाया गया। घटना 12 अप्रैल की थी और मुकदमा 30 अप्रैल को दर्ज कराया गया। पीड़िता की आयु पर भी संदेह है। अभियुक्त सभ्रांत व्यवसायिक ठेकेदार है, जिसे जनता के दबाव में झूठा आरोपी बनाया गया है, जिससे उसकी ख्याति को प्रभावित किया जा सके। अभियुक्त दर्ज पते का स्थाई निवासी है और उसके भागने का कोई अंदेशा नहीं है। ऐसे में उसे जमानत दी जाए। वहीं अभियोजन ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि अभियुक्त ने 12 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसा घिनौना अपराध किया है। उसने बच्ची को जान से मारने की धमकी है। चिकित्सीय परीक्षण में भी पीड़िता ने यह बताया है कि उसका मुंह कपड़े से बंद कर, चाकू दिखाकर उस्मान ने दुष्कर्म किया है। अभी कई साक्ष्यों की रिपोर्ट आनी बाकी है और मामला विवेचाधीन है। अभियुक्त एक पहुंच वाला व्यक्ति है, ऐसे यदि जमानत दी जाती है तो साक्ष्य प्रभावित किए जाने की आशंका है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुधीर तोमर की अदालत ने आरोपी की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि आरोपी ने 12 वर्षीय नाबालिग के साथ संगीन अपराध किया है। पीड़िता की ओर से एडीजीसी हेमा सुयाल और अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने पैरवी की।

## राजेन्द्र नगर वार्ड-12 में पेयजल संकट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12 में जारी पेयजल संकट से परेशान स्थानीय लोगों का सब्र जवाब दे गया। बीते तीन दिनों से पानी की आपूर्ति बाधित होने के चलते दर्जनों परिवारों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को क्षेत्रवासियों ने युवा समाजसेवी हेमंत साहू के नेतृत्व में जल संस्थान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान हेमंत साहू ने बताया कि वार्ड के लगभग 50 घरों में बीते तीन दिनों से पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची, जिससे लोगों की दैनिक आवश्यकताएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने जल संस्थान के जूनियर इंजीनियर (जेई) से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया और त्वरित समाधान की मांग की। प्रदर्शन में गीता देवी, सीमा आर्य, बबीता देवी, गंगा देवी, रमा देवी, संगीता मौजूद रहे।

# सुमित्रानंदन पंत जयंती पर काव्य गोष्ठी

- अरुणोदय संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अरुणोदय संस्था के सौजन्य से प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जयंती के अवसर पर अरुणोदय आनन्दी देवी रावत धर्मशाला परिसर नवाबी रोड में मंगलवार को कवि सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. पीसी बाराकोटी, कार्यक्रम अध्यक्ष डा. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि, डा. उमाशंकर साहिल, डा. केपी सिंह विकल, अशोक अंजान, विवेक बादल, मनीष पंत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए बिपिन चन्द्र पाण्डे ने उत्तराखंड का गुणगान इस तरह किया मेरे उत्तराखंड में चमन ही चमन है-देवभूमि है इस धरा को नमन है, डा. उमाशंकर साहिल ने कहा जनम जनम में देव भूमि में बसेरा हो, हसीन वादियों में एक घर भी मेरा हो.., केपी सिंह विकल ने सुनाया तिरंगे से मुहब्बत का ये जज्बा मर नहीं सकता, कभी भी तोप बम बन्दूक से में डर नहीं सकता.., प्रो. पीसी बाराकोटी ने कहा कविता तुम यों ही खिलखिलाती रहना, कविता तुम यों ही मुस्कुराते रहना.., डा. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि ने कहा प्रकृति की सुन्दर वादी में खिला था एक ब्रह्म कमल.., अशोक अवस्थी अंजान ने कहा सख्तियां ज़िन्दगी को बेमुरव्वत बना गयी, वर्ना हम भी रो देते यहां बात बात पर.., मनीष पंत ने कहा ख्वाह मखा की जगह हंसाई हो रही है.., बादल बाजपुरी ने कहा हरी भरी होती है पर्वत की चोटियां, चूल्हे पे सिकती हैं यहां पे रोटियां.., जीवन जोशी विनायक ने सुनाया बादल जो आये नभ में है छाये, घिर आयी काली घटाएं.., डा. दीपा कांडपाल ने सुमित्रनंदन पंत की रचनाओं का विश्लेषण किया। इस अवसर पर आरपी सिंह, कैलाश, नवीन चंद्र तिवारी, बीबी जोशी, जीवन सिंह रावत, लतेश मोहन, कैलाश तिवारी, नारायण दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री से मिले भाजपा के प्रतिनिधि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर के नेतृत्व में भाजपा नगर पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत से मिला और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस बैठक के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने आरटीई (राइट टू एजुकेशन) के तहत उत्पन्न हो रही समस्याओं से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया। मंत्री धन सिंह रावत ने प्रतिनिधि मंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश दिए। काबीना मंत्री ने सुनिश्चित किया कि जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मधुकर क्षोत्रिया, नगर महामंत्री सुरेंद्र, नगर कोषाध्यक्ष मनोज चौहान, नगर उपाध्यक्ष रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति की और से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज के प्राइमरी कक्षा के 60 बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं स्टेशनरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नानकमत्ता गुरुद्वारा समिति के प्रमुख महासचिव अमरजीत सिंह बोपराई एवं खालसा स्कूल की प्रधानाचार्या कमला शैल ने किया। अमरजीत सिंह बोपराई ने सारथी फाउंडेशन के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से सारथी संस्था काम कर रही है उसी तरह से और संस्थाओं को भी गरीब बच्चों की मदद कर उन्हें शिक्षा प्राप्त कर आर्थिक संपन्न होने में अपना योगदान देना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष नवीन पंत ने स्कूल प्रशासन का आभार जताया और शिक्षा की इस मुहिम को लगातार आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। इस दौरान समन्वयक दीक्षा पंत पांडे, योगेश पांडे, गिरीश लोहनी, जाकिर हुसैन, केतन जायसवाल, हेमा जोशी, भावना जोशी, पूजा पंत, रंजना जोशी, बीना जोशी, बबिता टकवाल, भावना पांडे, उमा जोशी, रुपाली गोस्वामी, दया पंत, भवानी सूठा, जयप्रकाश, संतोष गौड़, भगवती धपोला, आभा रौतेला, रेखा पंत, कल्पना जोशी, जितेंद्र अधिकारी, मोहिता कांडपाल, गुरुमीत कौर, सरिता अधिकारी, हंसा शर्मा, मंजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ आंदोलन के मूड में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी से नाराज अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ अब आंदोलन के मूड में है। मंगलवार को संघ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष सुनील चौधरी ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल के माध्यम से मेयर को संबोधित आंदोलन शुरू करने का नोटिस सौंपा। सुनील चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ द्वारा पूर्व में सफाई कर्मचारियों से संबंधित मांगपत्र निगम प्रशासन को सौंपा गया था, लेकिन आज तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि कई बार लिखित व मौखिक रूप से अगवत करा चुके है लेकिन कर्मचारियों की समस्याएं अब भी जस की तस बनी हुई हैं। संघ का कहना है कि प्रशासन की इस उदासीनता के कारण कर्मचारियों और संगठन में भारी असंतोष है और वें अब आंदोलन के लिए बाध्य हो गए हैं। यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी अतुल, पंकज, विक्रम चौधरी, मंजू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# नयना देवी मंदिर का स्थापना दिवस 4 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों नगरपालिका नैनीताल की ओर से पर्यटन सीजन और सौंदर्यीकरण के तहत माल रोड, ठंडी सड़क और डीएसए मैदान के किनारे पेडों पर परमानेंट रूप से रंग बिरंगी लाइटें लगाई गई हैं और साथ ही मां नयना देवी मंदिर के 4 जून को होने जा रहे स्थापना दिवस के अवसर पर माल रोड को भी जगह जगह बिजली की मालाओं से सजाया गया है।

नगर में हो रही सजावट के चलते शहर की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है। ठंडी सडक् में लाइटें लगने से अब देर शाम भी पर्यटक ठण्डी सडक् में रंग बिरंगी लाइटों के बीच घूमने का आनंद ले सकते हैं। यह लाइटें नैनीझील की सुंदरता पर भी चार चांद लगा रही हैं। जो कि पर्यटाकों को भी



आकर्षित करेंगी। मामले में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा ने बताया कि नगरपालिका की ओर से पर्यटन सीजन को देखते हुए पर्यटकों के आकर्षण, शहर के सौंदयह्ककरण और 16 वें वित्त अयोग की टीम के भ्रमण के अवसर पर मालरोड तथा ठंडी सडक् और डीएसए मैदान के किनारे परमानेंट रूप से रंग बिरंगी लाइटें लगाई गई हैं इससे शहर का सौंदयह्ककरण भी होगा और पर्यटकों को यह आकर्षित भी करेगा। शर्मा ने बताया कि माल रोड और ठंडी सडक् किनारे लाइटें परमानेंट रूप से लगाई गई हैं जबकि मां नयना देवी मंदिर के 4 जून को होने जा रहे स्थापना दिवस के अवसर पर माल रोड को मालाओं से सजाया गया है।

## बिजली आपूर्ति बाधित होने से व्यापारी उबले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विद्युत विभाग द्वारा किसी तकनीकी खराबी के कारण मुख्य बाजार क्षेत्र में आंख मिचौली जैसी स्थिति में बिजली सप्लाई की जाती रही, जो देर रात तक जारी रही। वहीं, मंगलवार सुबह से बाजार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही, जिसके कारण व्यापारियों ने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण बाजार क्षेत्र में कारोबार पूर्ण रूप से ठप हो गया है, जिससे न केवल व्यापारी बल्कि आम जनमानस भी परेशान हो रहा है। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने कहा कि इन्वर्टर भी अपनी पूरी बैटरी सप्लाई देने के बाद थक चुके हैं, और चिलचिलाती गर्मी में पंखों की कमी से दुकान में बैठना और काम करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। व्यापारी नेताओं ने विभाग के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति शीघ्र शुरू करने की मांग की है। इसके साथ ही व्यापारियों ने ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद महंगी बिजली की आपूर्ति में भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वें उच्च दरों पर बिजली ले रहे हैं, लेकिन उसका पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, हलद्वानी महानगर महामंत्री राजीव जयसवाल, एसोसिएशन के महामंत्री अतुल गुप्ता, प्रेम चौधरी, मोईन बाबा, अजय गुप्ता, राहुल दुआ, मयंक वार्ष्णेय, लक्ष्मी नारायण, मनोज साहू, विनोद कुमार, मुकुंद गुप्ता, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, इकरार अहमद, अखलाक सलमानी, जसपाल सिंह लस्सी आदि शामिल रहे।

# आरएसएस शताब्दी वर्षः सामाजिक समरसता और सम्मान का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भगवान परशुराम सेवा संस्थान द्वारा संचालित सामाजिक चेतना मंच ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश कार्यालय दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में दिल्ली में भाजपा को भारी मतों से विजय दिलाने और डबल इंजन की सरकार बनाने में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए बाइस जिलों के सभी धर्मों और जातियों के लगभग चालीस राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्षों को मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार राकेश कश्यप, कश्यप निषाद संगठन की उत्तराखंड की प्रभारी एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप, और कश्यप निषाद संगठन के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द कश्यप को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कश्यप ने कहा सामाजिक चेतना मंच ने आज सभी धर्मों और जातियों को एक छत के नीचे लाकर खड़ा कर दिया है। यह एक गौरवमयी क्षण है, जिसमें हम सभी एकता के सूत्र में बंध गए हैं। कश्यप निषाद समाज के लिए यह गर्व की बात है कि हमारे समाज को आज इस बड़े मंच से सम्मानित किया गया। हमारा समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और देश के विकास में योगदान दे रहा है। हमारे बच्चे तकनीकी, रक्षा, शिक्षा, पुलिस, आर्मी, नेवी, वायुसेना आदि हर क्षेत्र में ऊँचाइयाँ छू रहे हैं और देश और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में दिल्ली की केबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने भी अपने विचार साझा किए और समाज के विभिन्न वर्गों के योगदान को सराहा।

## मुख्य वन संरक्षक से मिले कर्मचारी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सहायक वन कर्मचारी संघ ने मुख्य वन संरक्षक से की मुलाकात, कई मांगों पर बनी सहमति नैनीताल। सहायक वन कर्मचारी संघ के शिष्टमंडल ने मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) डा.. धीरज पांडे से मुलाकात कर विभिन्न लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की।

संघ के प्रदेश महामंत्री बृजमोहन सिंह रावत के नेतृत्व में हुई वार्ता में बिनसर अभयारण्य में शहीद स्मारक निर्माण, वनकर्मियों पर हमलों पर पुलिस सहयोग, स्थानांतरण नीति में सुधार, तराई क्षेत्र में वन गुर्जरों के गैर वानिकी कार्यों पर रोक, शस्त्र क्रय के लिए बजट, फॉरेस्ट लाइन और आवासीय सुविधाएं जैसी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिला। मुख्य वन संरक्षक ने कई बिंदुओं पर कार्रवाई शुरू होने की जानकारी दी और नैनीताल में संघ भवन उपलब्ध कराने पर भी सहमति जताई। शिष्टमंडल में वीरेंद्र प्रसाद पांडे, चंद्रशेखर जोशी, रणजीत सिंह थापा, अनिल चौहान, कैलाश छिमवाल सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

# पीक सीजन में भी खस्ताहाल परिवहन निगम

- स्पेयर पार्ट्स और टायरों के अभाव में खड़ी है बसें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम की स्थिति पीक सीजन में भी गंभीर बनी हुई है। विभिन्न डिपो में बसें स्पेयर पार्ट्स और टायरों की कमी के चलते खड़ी हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा और निगम को राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को काठगोदाम डिपो की तीन बसें नैनीताल रूट की, एक बस बासबगड़ और एक बस बरेली मार्ग की वर्कशॉप में खड़ी पाई गई। ये सभी बसें आवश्यक स्पेयर पार्ट्स के अभाव में संचालन से बाहर हैं। गौरतलब है कि पीक सीजन में पर्यटन और यात्रियों की संख्या में वृद्धि होती है, जिससे निगम को आमतौर पर अधिक आय होती है। लेकिन इस वर्ष निगम के अधिकांश डिपो कम आय और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब यह सामने आता है कि संविदा कर्मियों को छोड़कर निगम के विशेष श्रेणी, एजेंसी और नियमित कर्मचारियों को अभी तक वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों में नाराजगी और असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

## चंडीगढ़ के लिए फिर शुरू हुई वोल्वो बस सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। उत्तराखंड परिवहन निगम ने काठगोदाम डिपो से चंडीगढ़ के लिए वोल्वो बस सेवा को एक बार फिर से शुरू कर दिया है। यह सेवा पिछले सात महीनों से बंद थी, जिसे पहले रोजाना चंडीगढ़ तक चलाया जाता था, लेकिन बाद में इसे अस्थायी रूप से देहरादून तक सीमित कर दिया गया था। सहायक महाप्रबंधक काठगोदाम डिपो राजेंद्र प्रसाद आर्य ने बताया कि अब इस सेवा को पूर्व की तरह बहाल कर दिया गया है। बस हर रात 11 बजे हल्द्वानी से चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। देहरादून से चंडीगढ़ के लिए यह बस सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर चलेगी। चंडीगढ़ से वापसी में बस रात 10 बजे रवाना होगी, जो सुबह 2 बजे देहरादून पहुंचेगी और ढाई बजे हल्द्वानी के लिए प्रस्थान करेगी। बताया जा रहा कि हल्द्वानी से चंडीगढ़ का किराया 1722, देहरादून से चंडीगढ़ का किराया-588, बस का स्टॉप चंडीगढ़ के सेक्टर 43 स्थित बस अड्डे पर रहेगा। गौरतलब है कि इस रूट पर वोल्वो बस सेवा को लेकर यात्रियों की लंबे समय से मांग रही है, जिसे देखते हुए निगम ने यह सेवा पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। इससे यात्रियों को न केवल आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा, बल्कि समय की भी बचत होगी।

## नशे में हुड़दंग करने वाले युवकों को पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टीपीनगर पुलिस ने रामपुर रोड पर नशा कर हुडदंग करने वाले पांच युवकों को पकड़ा। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि चालक प्रदीप व एक होमगार्ड गश्त पर जीतपुर नेगी की ओर जा रहे थे। कुछ नशेड़ी रास्ते में शराब पीकर हुडदंग कर रहे थे। पुलिस को देखकर सभी भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में चौकी लाकर सभी के पुलिस एक्ट में चालान किए। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने पुलिस के वाहन में टक्कर मारने की अफवाह उड़ाई, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

## शरारतीतत्वों ने लगाई जंगल में आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वन विभाग की तमाम कोशिशों और जागरूकता अभियानों के बावजूद जंगलों में आग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला हैड़ाखान क्षेत्र के ग्रामसभा स्यूड़ा के तोक सलकिया का है, जहां शरारती तत्वों द्वारा लगाई गई आग ने कई ग्रामीणों की आजीविका को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, बीते गुरुवार को अचानक जंगल में आग लग गई, जो कुछ ही देर में तेजी से फैलते हुए खीमानंद भट्ट, महेश सिंह सम्मल और देवकी देवी के घरों के आस-पास स्थित तेजपत्ते और आम के पेड़ों तक पहुंच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि घर भी उसकी जद में आ सकते थे, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता और त्वरित प्रयासों के चलते समय रहते घरों को सुरक्षित बचा लिया गया। हालांकि, पेड़ों को बचाया नहीं जा सका। इस आगजनी की घटना में देवकी देवी के लगभग 25 पेड़, खीमानंद भट्ट के 10 पेड़ और महेश सिंह सम्मल के करीब 20 पेड़ जलकर नष्ट हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि ये पेड़ उनकी आर्थिकी के प्रमुख स्रोत थे और अब उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए वन विभाग से क्षतिपूर्ति और राहत की अपील की है। वहीं वन विभाग की ओर से घटना की जांच की जा रही है और आग के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

स्थानीय सम्पादक चेतन गुरुंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून

☎0135-2743363

R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656

मोबाइल-9720007290

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुख्यमंत्री ने सरस्वती विद्या मंदिर, मांडूवाला में छात्रावास का किया शिलान्यास

# पीएम मोदी के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार:धामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मांडूवाला क्षेत्र में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रावास का मंगलवार को एक कार्यक्रम में शिलान्यास किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह छात्रावास, छात्रों को आवासीय सुविधा प्रदान करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा भारत की स्वतंत्रता के बाद सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रवाद की भावना को पुनर्स्थापित करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने देश में सर्वप्रथम नई शिक्षा नीति को लागू किया।

प्रदेश में 141 पीएम श्री विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश के 13 जनपदों के 500 विद्यालयों में वर्चुअल क्लासरूम की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य सुरेश सोनी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक सहदेव पुंडीर, अखिल भारतीय संगठन मंत्री शिव कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती ( पश्चिमी उत्तर प्रदेश ) डोमेश्वर साहू, अध्यक्ष विद्यालय परिसर सुरेंद्र, डॉ. सुषमा अग्रवाल, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, अध्यक्ष बाल आयोग गीता खन्ना एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड के सरकारी और अशासकीय स्कूलों के छठवीं से 12वीं कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति दी जा रही है। राज्य में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए प्रत्येक विकासखण्ड के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भेजने की शुरुआत भी की गई है। राज्य में मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना भी प्रारंभ की गई है।

### निजी विद्यालय भी विद्या समीक्षा केंद्र से जुड़ेंगे

प्रधानमंत्री के विद्या समीक्षा केंद्र के गुजरात मॉडल को लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य के लगभग 16 हजार विद्यालय इस नवाचार से जोड़े जा चुका है। शीघ्र ही प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को भी विद्या समीक्षा केंद्र से जोड़ा जाएगा। जिससे इन विद्यालयों से संबंधित शिक्षकों, छात्रों तथा समस्त शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी एक केंद्रीकृत प्रणाली के माध्यम से सरकार के पास उपलब्ध रहेगी।

### राष्ट्रीय स्तर में मेडल वाले खिलाड़ियों को नौकरी

राज्य सरकार ने प्रदेश में करोड़ों रूपए की लागत से स्टेडियम एवं खेल सुविधाओं का निर्माण करवाया गया है 8 वर्ष की उम्र से ही प्रतिभावान खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। प्रदेश के आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण, शिक्षा, आवास, भोजन व किट आदि भी प्रदान किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की किसी भी प्रतियोगिता में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की ऐतिहासिक शुरुआत भी की है।

## श्रीनगर को सीयूईटी केंद्र बनाने को सासंद से मिले

**श्रीनगर।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने गढ़वाल सासंद से मंगलवार को दिल्ली में गढ़वाल सासंद अनील बलूनी से मिले। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर को सीयूईटी-यूजी का परीक्षा केंद्र बनाएं जाने की मांग की।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने कहा कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने को लेकर नेशनल टेस्टिंग ऐजेंसी (एनटीए) के ओर से सीयूईटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है, लेकिन श्रीनगर को सीयूईटी-यूजी का परीक्षा केंद्र निर्धारित नहीं किया गया है। कहा कि गढ़वाल विवि के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर के प्रवेश सीयूईटी के आधार पर ही होते हैं, लेकिन वर्तमान में राष्ट्रीय परीक्षा ऐजेन्सी (एनटीए) के द्वारा श्रीनगर गढ़वाल को परीक्षा केन्द्र नहीं बनाया गया है। गढ़वाल क्षेत्र के छात्र, छात्राओं को गढ़्वाल की भौगोलिक परिस्थिति के कारण परीक्षा देने के लिए कई सौ किमी की दौड़ लगानी पड़ रही है। इस समय एनटीए द्वारा श्रीनगर में केंद्र नहीं बनाया गया है। जानकारी देते हुए बताया कि सीयूईटी परीक्षा 13 मई से प्रारम्भ होकर 6 जून 2025 तक सम्पन्न होगी। ऐसे में जल्द से जल्द श्रीनगर को परीक्षा केंद्र बनाया जाए, ताकि गढ़वाल क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इसका लाभ मिल सके व मैदानी इलाकों के चक्कर न काटने पड़े।

# एसएमआईएच में मॉर्डन क्लीनिकल ट्रायल एंड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ

**पहली बार एक समर्पित सीटीआरयू क्लीनिकल ट्रायल एवम् रिसर्च यूनिट की स्थापना, डॉ. तनुज भाटिया डायरेक्टर क्लीनिकल ट्रायल एण्ड रिसर्च की देखरेख में होगा शोध एवम अनुसंधान का कार्य**



**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में अन्तर्राष्ट्रीय क्लीनिकल ट्रायल दिवस 20 मई के उपलक्ष्य में एक नए सेंटर का शुभारंभ हुआ। काबिलेगौर है कि वर्ष 2016 से श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में क्लीनिकल ट्रायल पर कार्य चल रहा है। 20 मई को इस सेंटर को एक आधुनिक सेंटर के रूप में शुरू किया गया।

श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल उत्तराखण्ड व पश्चित उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है जिसमें क्लीनिकल ट्रायल का कार्य वर्ष 2016 से शुरू कर दिया था। इस सेंटर का उद्देश्य है कि भविष्य में उपचार के लिए इस्तेमाल होने वाली मॉर्डन दवाईयों के उपयोग को क्लीनिशियन वर्तमान में ही समझें। इस सेंटर में होने वाले शोध एवम् अनुसंधान का लाभ मरीजों को मिलेगा।

मंगलवार को श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में प्रो. डॉ मनोज कुमार गुप्ता, डायरेक्टर, श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज, डॉ उत्कर्ष शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, डॉ अजय पंडिता, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ गौरव रतूड़ी, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ अमित मैत्रेय, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस यूनिट के डायरेक्टर डॉ तनुज भाटिया, विभागाध्यक्ष, कॉर्डियोलॉजी विभाग श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल ने जानकारी दी कि श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में स्थापित क्लीनिकल ट्रायल एण्ड रिसर्च यूनिट में नई दवाईयों पर शोध एवम् अनुसंधान किए जाएंगे।

क्लीनिकल रिसर्च के अन्तर्गत जब कोई शोध या प्रशिक्षण किया जाता है उसे क्लीनिक ट्रायल कहते हैं। जब हम किसी बीमारी की रोकथाम के लिए कोई टीका या दवा तैयार करते हैं या उसे विकसित की जा रही उस दवा या टीके जिसमें सम्बधित रोग को रोकने की प्रर्याप्त क्षमता दिखती है तो उसका क्लीनिकल ट्रायल किया जाता है।

# शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी: जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज डोभालवाला में अपने पिता स्वर्गीय श्याम दत्त जोशी की पुण्यस्मृति में आयोजित मेधावी छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दौरान हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 07 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन से हुआ और स्वर्गीय श्याम दत्त जोशी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

अपने सम्बोधन में प्रदेश के कृषि, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है। जब विद्यार्थी परिश्रम, समर्पण और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं लगता। मंत्री ने यह भी कहा कि यह पहल उनके पिता के प्रति सम्मान और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान शिक्षा से होती है और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक काम करने की आवश्यकता है तथा जितना मेरा सामर्थ्य है, मेरा यह प्रयास रहा है कि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने अपने स्कूली जीवन के अनुभव भी छात्रों से साझा किए और उन्हें अपने अतीत को कभी न भूलने की सीख दी । काबीना मंत्री ने कहा कि मैं हमेशा समाज के कमजोर और गरीब तबके के लिए कार्य करता रहा हूं। मसूरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि मतक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी विद्यालय में अब कोई बच्चा जमीन पर नहीं बैठता है। उन्होंने कुर्सी-मेज उपलब्ध कराने का कार्य पूरा किया है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विद्यालय सभागार को वातानुकुलित करने, विज्ञान प्रयोगशाल बनाने, बास्केटवॉल कोट बनाने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाऐं भी की। कार्यक्रम के दौरान मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, रामशरण नौटियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद ढौंडियाल, पार्षद मोहन बहुगुणा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह बिष्ट, भावना चौधरी, मंजीत रावत सहित शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### इन छात्र छात्राओं को प्रदान की गई छात्रवृति

कक्षा 10वीं से शिवा (78.06 प्रतिशत), अभिनव चमोली (68.20 प्रतिशत), दिनेश (66.20 प्रतिशत), अनन्या पाल (60.06 प्रतिशत), प्रियांशु (60.02 प्रतिशत) तथा कक्षा 12वीं से वंदना (66.02 प्रतिशत), कपिल (62.06 प्रतिशत)।

# रोजगार तिराहा स्थित 6 देशी-विदेशी मदिरा दुकानें हटाने का फरमान जारी

**डीएम की सक्रिय सड़क सुरक्षा समिति का फैसला, किसी भी कीमत पर जन सुरक्षा से खिलवाड़ मंजूर नहीं**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में जिले स्तर पर गठित सड़क सुरक्षा समिति राजधानी की सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए प्रतिबद्व है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जीवन सुरक्षा सर्वोपरि है। सड़कों पर सुरक्षित यातायात में बाधक बन रहे सभी कारकों को समाप्त किया जाएगा। इसके दृष्टिगत यातायात में बाधक बनी 6 देशी विदेशी मंदिरा दुकानों को अन्यत्र शिफ्ट करने का आदेश जारी किया गया है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 मार्च को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा शहर में बढते सड़का हादसों और ट्रैफिक जाम वाले स्थानों पर मदिरा की दुकानों को मुख्य वजह बताते हुए इन स्थानों से मंदिरा दुकानों को शिफ्ट करने का अनुरोध किया गया था। जीवन सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए जिलाधिकारी ने सन पार्क इन चौक, चूना भट्टा, बिन्दाल तिराहा, रोजगार तिराहा स्थित 06 देशी व विदेशी मदिरा दुकानें को शिफ्ट करने निर्णय लिया था। पुलिस के प्रस्ताव पर जनसुरक्षा के लिए खतरा तथा यातायात में बाधक बन रही शराब की दुकानों को 01 सप्ताह के भीतर स्थानांतरित करने के डीएम ने आदेश जारी कर दिए हैं।राज्य सरकार द्वारा शराब की दुकानों, उप दुकानों के चलते स्थानीय विरोध, कानून व्यवस्था में बाधा, जन आक्रोश परिलक्षित होने पर जिलाधिकारी को निर्णय लेने के लिये अधिकृत किया गया है। जिलाधिकारी ने जनसुरक्षा से जुध्ड़े मुद्दो पर कड़ा रूख अपनाए हुए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से किसी भी कीमत पर खिलवाड नही होने दिया जाएगा। जिला प्रशासन के लिए जीवन सुरक्षा सर्वोपरि है। राजधानी की सड़कों को सुरक्षित यातायात के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्व है। कहा कि सड़कों पर सुगत यातायात में अवरोधकों को बर्दाश्त नही किया जाएगा। इसी क्रम में मा0 सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए अधिकारों से सशक्त जीवनदायनी सड़क सुरक्षा समिति जनहित में निरंतर कड़े निर्णण ले रही है।

# चार धाम यात्रा का प्रारंभ हरिपुर जमुना घाट से किया जाए: संजय तोमर

**भाजयुमो ने मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा संजय तोमर द्वारा निजी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार पुष्कर धामी को ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें संजय तोमर ने बताया कि हरिपुर का प्राचीन काल के समय से अपना गौरवशाली इतिहास रहा है हरिपुर चार धाम यात्रा का भी महत्वपूर्ण स्थल रहा है।

संजय तोमर ने कहा कि जौनसार-बावर के मुख्य द्वार हरिपुर से कल कल करके बहती मां यमुना की शास्त्रो मे बड़ी महत्वता है। इतिहास कार बताते है कि प्राचीन काल में हमारे तीर्थ यात्रियों का पहला पडाव हरिपुर स्थित यमुना माँ के तट पर होता था। बहुत कम लोगों को मालूम है कि उत्तराखंड में गंगा नगरी हरिद्वार की तरह एक और स्थली हरिपुर भी हुआ करती थी। भाजयुमो के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि चार धाम यात्रा का प्रारंभ



हरिपुर स्थित यमुना घाट से किया जाए। जिससे कि भविष्य में तीर्थाटन के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिले एवं रोजगार के अवसर भी स्थानीय लोगों को उपलब्ध हो सके। इस मौके पर विनायक नौटियाल, तापस ठाकुर, केशर चौहान, प्रवीण पंवार, ईश्वर चौहान, सोनू चौहान, शुभम जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** हनोल स्थित प्राचीन महासू देवता मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन मंगलवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ किया गया। कथा का आयोजन गाय, गीता और गंगा की रक्षा के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

कथावाचक आचार्य विजय कृष्ण जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गीता उपदेशों और सुदामा चरित्र का भक्तिमय वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली एक अमूल्य धरोहर है। आचार्य विजय कृष्ण ने गीता का सार समझाते हुए कहा कि यह ग्रंथ हमें प्रेम, करुणा और समर्पण की शिक्षा देता है। समापन अवसर पर कथा वाचक आचार्य विजय कृष्ण सहित सभी आचार्यों और श्रद्धालुओं ने महासू देवता के मंदिर में दर्शन कर जौनसार-बावर सहित समस्त विश्व के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर महासू देवता के बजीर दीवान सिंह राणा, मुख्य पुजारी हरीशचंद्र नौटियाल, आचार्य विवेक शरण शास्त्री, आचार्य बृजेश जोशी, पंडित राजेंद्र नौटियाल, आशीष शर्मा, वीरेंद्र सेवालाल, देवदत्त जोशी सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तीनों लोकों में विचरण करने वाले नारद का देवता व असुर करते थे सम्मान: राजगुरु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देवऋषि नारद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला विकासनगर की ओर से हनुमद्धाम में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में आरएसएस के पदाधिकारियों ने पछवादून प्रेस क्लब से जुड़े विभिन्न मीडिया संस्थान के वरिष्ठ पत्रकारों को देवऋषि नारद सम्मान से पुरस्कृत किया।

विकासनगर स्थित हनुमद्धाम में आरएसएस की ओर से देवऋषि नारद जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पछवादून प्रेस क्लब के अध्यक्ष चंदराम राजगुरु, विभाग प्रचार प्रमुख गजेन्द्र खंडूरी, वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद्र सकलानी व हनुमद्धाम समिति के अध्यक्ष विष्णु महावर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सभी लोगों ने देवऋषि नारद को नमन कर आशीर्वाद लिया। चंदराम राजगुरु ने कहा सृष्टि एवं जगत के पहले पत्रकार माने जाने वाले देवऋषि नारद ब्रह्मा के सात मानस पुत्रों में एक है, जो भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। ब्रह्मचारी जीवन जीने वाले देवऋषि नारद ने सृष्टि में पत्रकारिता की शुरुआत की। वह स्वर्ग लोक, पृथ्वी लोक व पाताल लोक में सूचनाओं का आदान प्रदान करते थे। तीनों लोक में विचरण करने वाले देवऋषि नारद का देवता व असुर बड़ा सम्मान करते थे। समारोह में आरएसएस के पदाधिकारियों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ पत्रकार राजेश पंवार, चंदराम राजगुरु, जितेन्द्र जोशी, राकेश खत्री, राकेश नेगी, रघुवीर रावत, एसएम आसिम व प्रविंद्र तुली को देवऋषि नारद सम्मान से पुरस्कृत किया। इस मौके पर विभाग प्रचार प्रमुख गजेन्द्र खंडूरी, हनुमद्धाम समिति के अध्यक्ष विष्णु महावर, वरिष्ठ साहित्यकार हेमचन्द्र सकलानी, आरएसएस के विक्रम बिष्ट, पंडित अटल, रविंद्र चौहान, संदीप महावर, अरुण डोभाल, सो. निका वालिया, रेखा रोथाण आदि मौजूद रहे।

**आरएसएस ने कई पत्रकारों को किया सम्मानित**

# जौनसारी-बावरी बोली में बाल कवियों ने जताई क्षेत्र की पीड़ा



**प्रतिभागियों ने कटाक्षों से बटोरी तालियां**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसारी-बावरी बोली भाषा को जीवित रखने के उद्देश्य से 'आखर लोक बोली भाषा समिति, जौनसार-बावर' के तत्वावधान में पी.एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वासी में बाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस आयोजन में जौनसार-बावर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी स्थानीय बोली में कविता पाठ कर सामाजिक मुद्दों और क्षेत्र की पीड़ा को उजागर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य यशपाल सिंह राणा ने की। समिति अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही अपनी बोली और संस्कृति से जोड़ना जरूरी है।सम्मेलन के विज.ेताओं में प्राची चौहान (हयेऊ) ने प्रथम, विहान शर्मा (थणता) ने द्वितीय और आरती रावत (रंगयो) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों में सोनिया, स्नेहा, ईशू, जीविका, प्रीति, आशिका, मानसी, कृतिका, रानिका, आरुषि, आदित्य, सोम्या, विकास, सिमरन, आर्यन, करिश्मा आदि ने अपनी रचनाओं से खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर समिति के नारायण सिंह चौहान, अरविंद शर्मा, बलराम सिंह पंजिया, सुरेश मनमौजी, अर्जुन दत्त शर्मा, प्रीतम सिंह राणा, शमशेर सिंह चौहान, चंदन राणा, सरदार सिंह जोशी, सूर्यपाल सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने की ग्रीन बोनस, आपदा प्रबंधन-पुनर्वास और कृषि में वित्त आयोग के सामने पैरवी

**पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के सामने रखे उत्तराखंड लेकर सुझाव**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने वित्त आयोग के समक्ष ग्रीन बोनस, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, कृषि उद्यान, उद्योग आदि विषयों पर प्रयाप्त सहयोग की पुरजोर पैरवी की है। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने पर्यावरण में योगदान को देखते हुए राज्य को नदियों पर रॉयल्टी, फॉरेस्ट वारियर जैसे नए उपायों के साथ कार्बन डेटिंग अंशदान, कनेक्टिविटी में सुधार, कच्चे माल आधारित उद्योग और वन्यजीव से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग आदि को लेकर केंद्रीय मदद की बात कही है।

पार्टी की तरफ से बैठक में 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता ज्योति प्रसाद गैरोला, वरिष्ठ विधायक विनोद चमोली और निवर्तमान राज्य सहकारी बैंक अध्यक्ष दान सिंह रावत शामिल हुए। 16 वित्त आयोग के समक्ष पार्टी की तरफ से



दिए सुझाव में कहा गया कि विगत 25 वर्षों में राज्य ने विकास के तमाम आयाम छुए हैं। सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हम प्रथम स्थान पर रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास की इस रफ्तार को अधिक तेज करते हुए, विकसित भारत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है। इसके अनुरूप ही पार्टी की तरफ से शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क पानी, पलायन रोकने के उपाय समेत ग्रीन बोनस, कार्बन डेटिंग अंशदान, शहरी विकास, ऊर्जा, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, कृषि एवं उद्यान, उद्योग, खेल आदि तमाम मुद्दों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। पार्टी की तरफ से ग्रीन बोनस कार्बन डेटिंग अंशदान को लेकर स्पष्ट किया गया की हमारे हिमालय क्षेत्र की जीवनदायनी नदियां और देश की कुल वन संपदा का हमारा 16 वां हिस्सा, देश के पर्यावरण और समृद्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए उत्तराखंड को कार्बन डेटिंग अंशदान में समुचित अधिकार के साथ साथ नदियों पर रॉयल्टी एवं जल प्राधिकार शुल्क दिया जाना चाहिए। वहीं रिवर्स प्लान की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए तमाम उपायों के साथ घोस्ट विलेज को सड़कों से जोड़ने पर भी जोर दिया।

शहरी विकास एवं वित्त आयोग से संबंधित विषय पर दिए सुझाव में पार्टी की तरफ से कहा गया कि उत्तराखंड में शहरी आबादी, देश के औसत 27 से 30 प्रतिशत के मुकाबले 40 फीसदी है। इसके अतिरिक्त पर्यटन, फिल्म निर्माण तीर्थाटन आदि अनेकों विषयों को ध्यान में रखते हुए शहरी अवस्थापना सुविधाओं में सुधार के लिए बड़ी मदद की आवश्यकता है। वहीं इसके साथ ऊर्जा खपत को देखते हुए हाइड्रो प्रोजेक्ट के विस्तार एवं सॉलिड वेस्ट टू एनर्जी आधारित प्रोजेक्ट को शहरी क्षेत्र में स्थापित करने के लिए केंद्र के सहयोग को जरूरी बताया। वहीं आपदा प्रभावित संवेदनशील क्षेत्र होने के चलते, प्रदेश में स्थाई आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण की व्यवस्था निर्माण में सहयोग की बात कही गई। जिसमें विगत वर्षों में वनाग्नि से हो रही जान माल की भारी हानि एवं दुर्घटनाओं की संभावनाओं की तरफ उन्होंने आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया। इस संबंध में दिए सुझाव में उन्होंने कहा कि तमाम संभावित उपायों के साथ ग्राम पंचायत में स्थानीय युवकों को प्राथमिकता देते हुए फॉरेस्ट वारियर की नियुक्ति बेहद अहम है, जिसके लिए केंद्र द्वारा हरसंभव मदद दी जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने कृषि एवं उद्यान को लेकर प्रदेश की चिंता प्रकट करते हुए, वन्यजीवों और फसलों से कृषि पैदावार को हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया।

पार्टी ने विश्वास जताया कि ये सभी जन सुझाव, राज्य के विकास की गति को तेज करते हुए, विकसित भारत के संकल्प में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में सहभागी होंगे।

## एनडीआरएफ की टीम ने आपदाओं से बचने को विद्यार्थियों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अचानक आई आपदा के समय क्या करें और क्या नहीं, ये टिप्स अब स्कूली बच्चों को भी दिए जा रहे हैं। विकासनगर के डाकपत्थर के महर्षि घोष इंटर कालेज परिसर में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया।टीम ने बच्चों, शिक्षकों और स्टाफ को समझाया कि किसी आपदा के समय जैसे बिल्डिंग गिरने या आग लगने की स्थिति में पहले कुछ सेकंड कितने अहम होते हैं। इन पलों में सही प्रतिक्रिया जान और माल की हानि को काफी हद तक टाल सकती है। पंकज कुमार का कहना है कि उनका उद्देश्य स्कूल के बच्चों और स्टाफ को जागरूक बनाना है, ताकि किसी भी आपदा के समय वे घबराएं नहीं बल्कि समझदारी से सही कदम उठाएं। इस अभियान के तहत बच्चों और स्टाफ को सिखाया जा रहा है कि कैसे अपनी और लोगों की सुरक्षा करनी है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण डबराल, इंस्पेक्टर पंकज कुमार, हवलदार राहुल पांडे, मनीष रमोला, बलबीर राणा, सूर्य खंडूरी, कमला बसेरिया, कुंवर सिंह राय, भरत सिंह चौहान, एकता चौहान, सरिता बिजल्वाण, कृष्णा जोशी, प्रियंका तोमर, कुसुम ध्यानी आदि मौजूद रहे।

# एटीएम में सेंधमारी का प्रयास, दो बदमाश गिरफ्तार

## हरियाणा के रहने वाले हैं दोनों बदमाश

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** एटीएम में सेंधमारी का प्रयास कर रहे दो बदमाशों को कनखल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बदमाश मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के कब्जे से गैस सिलेंडर, कटर, पैट्रोमैक्स, छोटा कटर, स्प्रे, लोहे की राड़ आदि उपकरण व आई-20 कार तथा फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई है। दोनो बदमाश हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार एटीएम में 25 लाख रूपए मौजूद थे। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि बीती रात लगभग ढाई बजे कनखल थाना प्रभारी चंद्रमोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी गश्त करते हुए देशरक्षक से दादूबाग की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पीएनबी की जगजीपुर बांच के सामने एक आई-20 कार खड़ी नजर आयी। पुलिस को देखकर वहां खड़ा एक युवक भाग खड़ा हुआ। एटीएम का शटर बाहर से बंद था और अंदर से आवाजें आ रही थी। शक होने पर पुलिसकर्मियों ने शटर को बाहर से बंद कर दिया और थाने से अतिरिक्त पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया। शटर को खोला गया और गैस कटर से एटीएम मशीन काट रहे दो लोगों को दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कार्तिक राणा पुत्र राजेन्द्र राणा निवासी विकासनगर सैक्टर-29 पानीपत हरियाणा व धीरज पुत्र जयपाल निवासी राजीव कालोनी हासी रोड़ करनाल हरियाणा बताए। एसएसपी ने बताया कि बताया कि आरोपी नशे के आदी हैं और एटीएम लूटने के इरादे से हरियाणा से हरिद्वार आये थे। एटीएम काटने का तरीका उन्होंने यू ट्यूब से सीखा। वारदात को अंजाम देने से दो-तीन दिन पहले रैकी की। लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। फरार हुए बदमाश की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीम में थाना प्रभारी चंद्रमोहन सिंह, एसएसआई रमेश कुमार सैनी, एएसआई ललित मोहन अधिकारी, हे.का. रविन्द्र तोमर, राकेश राणा, कां. विशन सिंह चौहान, जितेंद्र राणा शामिल थे।

## विधवा महिला से दरिंदगी के आरोपी युवक ने की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**रोशनाबाद।** सिडकुल थाना क्षेत्र में महिला से दरिंदगी के आरोपी युवक ने गंगनहर में कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक का शव रूड़की क्षेत्र के गंगनहर से बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिये युवक का शव जिला अस्तपाल भिजवा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने विधवा महिला का भाई सोनू कुमार पुत्र स्वर्गीय रामदास निवासी कुतुबपुर थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी शांतर शाह बहादराबाद हरिद्वार ने रजत पुत्र सतपाल निवासी सहदेवपुर पथरी हरिद्वार पर मुकदमा दर्ज कर बताया कि उसकी विधवा बहन से दुष्कर्म कर उसकी आंखों में मिर्ची डालने तथा लोहे की रोड से मारपीट करने व उसके जननांग को धारदार हथियार से काटने हमला कर घायल किया गया था। गंभीर हालत में एम्स ऋषिकेश में भर्ती काया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी।

# नशीली दवाओं समेत मेडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** एएनटीएफ, ड्रग्स विभाग व ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप कार्यवाही करते हुए एक मेडिकल स्टोर संचालक को नशीली दवाईयों, इंजेक्शन की खेप व नकदी समेत गिरफ्तार किया है। मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेचे जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती, एएनटीएफ के एसआई रणजीत तोमर, बाजार चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र सिंह तोमर ने पुलिस बल के साथ ग्राम सराय में इमामबाड़ा के पास रजत मेडिकल स्टोर पर छापामारी की। छापामारी के दौरान 3 अल्ट्रा बेन इंजेक्शन, 38 अल्ट्रा जस्ट टैबलेट, 5 लिजेसिक इंजेक्शन, 10 एक्सप्राम प्लस, 2 कफ सिरप कोडिंग सल्फेट और 4200 रूपए की नकदी बरामद हुई। मेडिकल स्टोर संचालित कर रहा रजत बब्बर पुत्र विनोद बब्बर निवासी अंबेडकर नगर ज्वालापुर कोई वैध बिल या लाइसेंस नहीं दिखा सका। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। ड्रग्स विभाग की टीम में निरीक्षक अनीता भारती, निरीक्षक हार्दिक भट्ट, निरीक्षक ऋषभ धामा, निरीक्षक अमित कुमार, निरीक्षक मेघा, पुलिस टीम में एसआई देवेंद्र सिंह तोमर, हेडकांस्टेबल हिमेश चंद्र, कांस्टेबल दिनेश कुमार, एएनटीएफ टीम में एसआई रणजीत सिंह तोमर व हेडकांस्टेबल राजवर्धन शामिल रहे।

## एसएसपी ने कनखल थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर और कार्यालय भवन का किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने मंगलवार को कनखल थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर और कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर सभी पुलिसकर्मियों को संयम, श्रद्धा और सेवा भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। थाना कार्यालय के पुराने भवन का जिर्णोद्धार कर एक नया थाना कार्यालय एवं आगंतुक कक्ष तैयार किया गया है, जिससे आम जनता को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में अपनी समस्याएं रखने में सुविधा होगी। एसएसपी डोबाल ने निर्माण कार्य की सराहना कर कहा कि इससे पुलिस कार्य प्रणाली और अधिक प्रभावी होगी और आम जनमानस को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी, एएसपी सदर, सीओ नगर, सीओ यातायात, सीओ रुड़की, सीओ ज्वालापुर सहित कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने नारसन स्थित परिवहन विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण

### तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड सरकार में पारिस्थितिकी पर्यटन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि तथा रूड़की भाजपा जिलाध्यक्ष डा.मधु सिंह ने नारसन बॉर्डर स्थित परिवहन विभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया एवं तीर्थ यात्रियों की सुविधा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान उप संभागीय परिवहन अधिकारी एल्विन रॉक्सी को निर्देशित किया गया कि उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए आवश्यक ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया को सहज, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए, ताकि तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ग्रीन कार्ड के लिए लगने वाला समय न्यूनतम हो एवं डिजिटल माध्यम से इसका अधिकतम उपयोग हो। इसके



अतिरिक्त अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की मूलभूत आवश्यकताओं जैसे शौचालय, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार आदि की पर्याप्त एवं व्यवस्थित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों से यह भी कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता, देरी या भ्रष्टाचार की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ओमप्रकाश जमदग्नि व डा.मधु सिंह ने कार्यालय कर्मचारियों को यात्रियों की सुविधा के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया और कहा कि उत्तराखंड में आने वाला हर तीर्थ यात्री सम्मान का पात्र है। राज्य मंत्री जमदग्नि ने अधिकारियों से कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यह समय अत्यंत संवेदनशील है और प्रदेश की छवि को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सीमाओं पर कार्यरत विभागों की जिम्मेदारी अत्यधिक बढ़ जाती है। भाजपा जिला अध्यक्ष डा.मधु सिंह ने कहा कि यात्रियों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और पार्टी व सरकार आमजन की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूर्यवीर मलिक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा धर्मेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुण लोहान, संदीप खटाना, अधिवक्ता राहुल चौहान, संदीप शर्मा, चन्दकिरण सिंह, शिवम त्यागी, जितेंद्र मालिक, आलोक शर्मा, कुलदीप चौधरी, शोभित गुप्ता, नीटू चौधरी, मनोज त्यागी, नरेंद्र चंदेल आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र संसद व कन्या भारती के गठन के लिए चुनाव संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में छात्र संसद और कन्या भारती का गठन किया गया। छात्र संसद और कन्या भारती के गठन के लिए आयोजित चुनाव प्रक्रिया में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और न्यायाधीश, उपन्यायाधीश, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, सेनापति, उपसेनापति आदि का चयन किया। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का उपयोग किया गया। इस प्रक्रिया में 529 छात्राओं ने ओर 105 छात्रों ने मतदान किया। विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को समझते हुए अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के लिए मतदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त अंठवाल ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को नेतृत्व, सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राओं ने इस



प्रक्रिया में इतने उत्साह और जिम्मेदारी के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि चुनाव परिणामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी और विजयी उम्मीदवारों को उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह आयोजन विद्यालय के शैक्षिक और सांस्कृतिक मूल्यों को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रवीण कुमार, संजय गुप्ता, देवेश पाराशर, नागेंद्र, मनीष खाली, नेहा जोशी, सिमरन, सोनिया, अंजलि वर्मा, अमित कुमार, करुणा गुप्ता आदि शामिल रहे।

# महंत शुभम गिरी ने की लालढांग या श्यामपुर कांगड़ी को ब्लॉक बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव महंत शुभम गिरी ने लालढांग या श्यामपुर को ब्लॉक बनाए जाने, भूपतवाला स्थित राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों की नियुक्ति और आपातकालीन सुविधा शुरू करने की मांग की है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान महंत शुभम गिरी महाराज ने कहा कि बहादराबाद ब्लॉक में श्यामपुर कांगड़ी, लालढांग तक का इलाका शामिल है। बहादराबाद में स्थित ब्लॉक कार्यालय आने के लिए श्यामपुर कांगड़ी और लालढांग के लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती हैं। इसलिए श्यामपुर कांगड़ी या लालढांग को नया ब्लॉक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भूपतवाला में राजकीय चिकित्सालय में चिकित्सकों की तैनाती नहीं होने से लोगों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के साथ आपातकालीन सेवाएं भी शुरू की जाएं। महंत शुभम गिरी ने कहा कि 2027 में होने वाले कुंभ मेले से पूर्व शहर में पार्किंग, सीवर, पेयजल सुविधाओं का विस्तार किया जाए। कुंभ म्यूजियम का निर्माण किया जाए और गंगा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। कुंभ के दौरान संतों और श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। कुंभ शुरू होने से पूर्व ही सभी व्यवस्थाओं का पूर्ण किया जाए। उन्होंने धर्मनगरी में हवाई अड्डे का निर्माण करने की मांग भी की। पूर्व महानगर अध्यक्ष लव दत्ता एवं कपिल जौनसारी ने कहा कि धर्मनगरी में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधों की रोकथाम के लिए नशे पर पूरी तरह रोक लगायी जाए। मासूम बालिका के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकद्मा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए। पत्रकारवार्ता के दौरान महंत शुभम गिरी ने पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार रतनमणी डोभाल को सम्मानित भी किया।

## गुरु ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं : सर्वानंद गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित पायलट बाबा आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर पायलट बाबा के अनुयायी स्वामी सर्वानंद गिरी ने कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं। ब्रह्मलीन पायलट बाबा त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उनका मानना था कि जरूरतमंद की सेवा ही ईश्वर भक्ति है। ब्रह्मलीन पायलट बाबा की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए महामंडलेश्वर साध्वी चेतना गिरी व महामंडलेश्वर साध्वी श्रद्धा गिरी के नेतृत्व में आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाया जा रहा है। आश्रम के प्रबंधक डा.दुष्यंत चौहान ने कहा कि संतों का जीवन समाज के लिए ही होता है। दिव्य महापुरूष ब्रह्मलीन पायलट बाबा की स्मृतियों को संजोते हुए आश्रम में प्रतिमाह अन्न क्षेत्र का आयोजन कर संतों व आश्रम में आने श्रद्धालु भक्तों को भोजन प्रसाद वितरित किया जाता है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आश्रम से भूखा ना जाए। इस दौरान अनिल सिंह, जय कुमार, जीवेंद्र तोमर, संजीव चौहान मौजूद रहे।

# मजदूर नेताओं पर मुकदमों से भड़के मजदूरों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलिस-प्रशासन और एंकर पैनासोनिक प्रबंधन द्वारा 11 मजदूर नेताओं पर लगाए गए फर्जी मुकदमों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन एवं मजदूर विरोधी लेबर कोड्स को रद्द करने की विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

सिडकुल के पुलिस प्रशासन और एंकर पैनासोनिक प्रबंधन द्वारा मजदूर नेताओं पर लगाये गये फर्जी मुकदमे के विरोध में आज जिला कलेक्ट्रेट परिसर पर विरोध सभा कर प्रदर्शन किया गया और 20 मई को केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आव्हान पर मजदूर विरोधी लेबर कोड्स को रद्द करने व सार्वजनिक सम्पत्तियों का निजीकरण रोकने व ठेका प्रथा समाप्त करने व ट्रेड यूनियन आंदोलन के दमन के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। इंकलाबी मजदूर केंद्र एवं संयुक्त संघर्षशील ट्रेड यूनियन मोर्चा तथा अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर पर एकत्र होकर सिडकुल एसोशिएशन और स्थानीय शासन प्रशासन के नापाक गठजोड़ के दम पर मजदूरों को और यूनियन नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे लगाकर डराने धमकाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इंकलाबी मजदूर केंद्र हरिद्वार प्रभारी पंकज कुमार नेविरोध प्रदर्शन में अपनी बात रखते हुए कहा कि एंकर पैनासोनिक के प्रबंधन वर्ग और पुलिस प्रशासन को 15 दिन का समय दिया गया था कि इंकलाबी मजदूर केंद्र के पंकज कुमार, जय प्रकाश संयुक्त संघर्षशील ट्रेड यूनियन मोर्चा के संयोजक व फूड्स श्रमिक यूनियन आईटीसी के महामंत्री गोविंद सिंह, अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार, कर्मचारी संघ सत्यम आटो के महिपाल सिंह, किर्बी श्रमिक कमेटी के संदीप कुमार अभिषेक पाल सूरज अवस्थी सुनिल कुमार, अरुण तथा क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के संयोजक नासिर अहमद समेत 100 मजदूरों पर अज्ञात मुकदमा वापस नहीं होते हैं तो पुरे सिडकुल में आंदोलन की रणनीति बनायी जायेगी। 4 मई को एंकर पैनासोनिक के प्रबंधन और पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक कर मजदूरों के ऊपर लगाये गये फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग की गई थी। जबकि वास्तविकता यह थीं कि एंकर पैनासोनिक प्रबंधन द्वारा महिला मजदूरों का आर्थिक शोषण के साथ- साथ भयानक मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा था। 20 सालो से काम करने पर भी 18 से 20 हजार रुपए ही दिये जाते थे। 8-10 सालों से ठेका मजदूरों को स्थाई करना तो दूर बल्कि 11000 हजार रुपए में निचोड़ा जा रहा था। ये वो हालात थे जिस वजह से 4000 से अधिक महिला मजदूरों को लाचार हो कर सड़क पर उतरना पड़ा। मजदूरों का साथ देने के लिए कोई भी मजदूर संगठन जायेगा।

पुलिस प्रशासन सिडकुल के पूंजीपतियों व उनके प्रबंधन के खिलाफ कोई शिकायत नहीं सुनते हैं न कोई एफआईआर दर्ज करते हैं परन्तु पूंजीपतियों की शिकायत पर मिनट भी नहीं लगाते है।यह घ्पुलिस प्रशासन की पूंजीपतियों के प्रति अपनी मित्रता को दिखाता है। विरोध प्रदर्शन व सभा में इंकलाबी मजदूर केंद्र के पंकज कुमार,जय प्रकाश संयुक्त संघर्षशील ट्रेड यूनियन मोर्चा से जुड़ी यूनियन भेल मजदूर ट्रेड यूनियन के महामंत्री अवधेश कुमार,फूड्स श्रमिक यूनियन आईटीसी के महामंत्री गोविंद सिंह, अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, देव भूमि श्रमिक संगठन हिन्दुस्तान यूनिलीवर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, महामंत्री दिनेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, एवरेडी मजदूर यूनियन के महामंत्री अनिल कुमार,कोषाध्यक्ष संजीव कुमार,सतीश चन्द्र, चन्द्र शेखर, कर्मचारी संघ सत्यम आटो के महिपाल सिंह, किर्बी श्रमिक कमेटीघ के संदीप कुमार, अभिषेक, सूरज अवस्थी, प्रदीप सालार, गौतम कुमार, अरुण, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के नासिर अहमद समेत दर्जनों मजदूर उपस्थित रहे।प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष रजनी, सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता रुप चंद आजाद मौजूद रहे।

# इब्राहिमपुर में आपस में झगड़ रहे सात युवकों का शांतिभंग में किया चालान

शाह टाइम्स संवाददाता




**पथरी।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर में दो परिवार आपस मे झगड़ा कर गांव की शांति व्यवस्था खराब कर रहे सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गांव इब्राहिमपुर में दो परिवारों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया किसी ने झगड़े की सूचना पुलिस को दे दी मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने की कोशिश की मगर दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगो पकड़ कर थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कुर्बान पुत्र मुल्तान, तालिब पुत्र रिजवान, मोहब्बत पुत्र मुल्तान, जावेद पुत्र फुरकान, गुफरान पुत्र मुल्तान, उस्मान पुत्र मुल्तान, सवेज पुत्र मुल्तान समस्त निवासीगण ग्राम इब्राहिमपुर थाना पथरी बताया है। पुलिस में सभी सातों आरोपियों पर शांतिभग की कार्यवाही गई है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया सात व्यक्तियों को आपस मे झगड़ा कर गांव की शांति व्यवस्था खराब करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## जैन शिकंजी रेस्टारेंट को सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता रेटिंग का मिला पुरस्कार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरित चारधाम यात्रा 2025 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और ईट राइट इंडिया के तत्वाधान मे द फारेस्ट हिल होटल में आयोजित खाद्य सुरक्षा मानक पर आधारित संवेदीकरण कार्यशाला में उत्तराखंड फूड कोर्ट (जैन शिकंजी रेस्टोरेंट) टोल प्लाजा बहादराबाद को सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता रेटिंग का पुरस्कार ताजबर सिंह एडिशनल कमिश्नर खाद्य एवं औषधि द्वारा दिया गया। उत्तराखंड फूड कोर्ट (जैन शिकंजी रेस्टोरेंट ) के एमडी पुनीत चौधरी और शिवांक चौधरी ने अपने रेस्टोरेंट परिवार की ओर से कार्यक्रम आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ताजबर सिंह एडिशनल कमिश्नर खाद्य एवं औषधि उत्तराखंड, डा. संतोष एम्स ऋषिकेश, जीसी कंडवाल उप आयुक्त एफडीए उत्तराखंड, विनीता शर्मा डीओ एफएसएसई, दिलीप जैन सीनियर खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरिद्वार, आशीष भार्गव खाद्य सुरक्षा निरीक्षक हरिद्वार, और होटल, रेस्टोरेंट संचालक मौजूद रहे।

### सूचना ( नाम परिवर्तन )

मेरा पुत्र ललित मोहन गिरी उर्फ राजन गलत संगत के कारण हमारे कहने सुनने में नही है तंग आकर चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है भविष्य में इसके किसी भी लेनदेन व कृत्य की हमारी या परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सुरेश गिरी पुत्र स्व. विष्णु गिरी, सरोज देवी पत्नी सुरेश गिरी, निवासी ग्राम-सीतापुर, मकान संख्या 125, थाना ज्वालापुर, जिला हरिद्वार।

### सूचना ( नाम परिवर्तन )

मेरे डी.एल. संख्या UK08 20040071325 है। जिसमें मेरे पिता का नाम बुध प्रकाश शर्मा (BUDDH PRAKAS SHARMA) है। जबकि सही नाम बुध प्रकाश शर्मा (BUDHA PRAKASH SHARMA) है। भूपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री बुध प्रकाश शर्मा, निवासी ए-55, शारदा नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार।

## कार्यालय हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

पंत्राक 746/सम्पत्ति/हरिलोक/बी0डी0-1/1बी/2020-21 दिनांक 07.05.25

### सार्वजनिक सूचना

भवन संख्या बी0डी0-1/1बी, कवर्ड क्षेत्रफल 61.73 वर्ग मीटर स्थित हरिलोक आवासीय योजना, ग्राम ज्वालापुर परगना ज्वालापुर तहसील व जिला-हरिद्वार के अभिलेखों में उप निबंधक हरिद्वार के पंजीकृत अभिलेख दिनांकत 01.07.2000 के आवंटी/क्रेता श्रीमती ओमवती कंसल पत्नी श्री महावीर प्रसाद कंसल निवासी मेरठ मशीनरी स्टोर, जी0टी0रोड, पलवल फरीदाबाद (हरियाणा) का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन उप निबंधक हरिद्वार के पंजीकृत अभिलेख दिनांक 07.08.2019 के श्रीमती ओमवती कंसल उर्फ ओम देवी पत्नी श्री महावीर प्रसाद कंसल निवासी मेरठ मशीनरी स्टोर, जी0टी0 रोड, पलपल फरीदाबाद (हरियाणा) द्वारा डा0 सुरेश चौबे पुत्र स्व0 शारदा चौबे व डा0 निशा शर्मा पत्नी श्री डा0 सुरेश चौबे निवासीगण हा0नं0 बी0डी0-1/1ए, हरिलोक कॉलोनी, सराय मार्ग, ज्वालापुर हरिद्वार के पक्ष में विक्रय किया गया। प्रार्थीगण डा0 सुरेश चौबे व डा0 निशा शर्मा द्वारा उक्त भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र दिनांक 02.03.2021 प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो अपनी आपत्ति/सुझाव मय साक्ष्यो सहित सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा गुण दोष के आधार पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

भवदीय
(मनीष कुमार सिंह)
सचिव

## दो स्कूटी की टक्कर से कम्बाइन चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** सोमवार की रात साढ़े नौ बजे गूलरभोज मार्ग पर बीयर बार के सामने दो स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक स्कूटी सवार कंबाइन चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरी स्कूटी सवार सेना का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सोमवार की रात्रि दिनेशपुर-गूलरभोज मार्ग पर दो स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में घायल गूलरभोज महावीर नगर निवासी 28 वर्षीय देवेंद्र राजभर पुत्र सर्वजीत राजभर को गंभीर हालत में 108 इमरजेंसी सेवा से रुद्रपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह मृतक देवेंद्र का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया।

## अवैध खनन वाहन स्वामी ने माइनिंग बैरियर कर्मचारी पर झोका फायर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कैलाश माइनिंग बैरियर के कर्मचारियों के साथ अवैध खनन करने वाले वाहन स्वामी दबंगों ने मारपीट की। विरोध करने पर दबंगों ने अवैध असहले से गोली चला दी, जो कर्मचारियों को छूते हुए निकल गई, जिससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

कैलाश रिवर वेड मिनरल्स कंपनी को उत्तराखंड सरकार द्वारा खनन रिवल्टी चेक करने का ठेका मिला हुआ है। जिसने उत्तराखंड-यूपी के बॉर्डर पर अपने चेक पोस्ट बना रखे हैं जहां पर उनके कर्मचारियों द्वारा खनन वाहनों को रोककर उनकी रिवल्टी जांच की जाती है। जिससे उत्तराखंड में अवैध खनन पर काफी हद तक अंकुश लग गया है, वहीं खनन माफिया अत्यधिक परेशान हो गए हैं। कैलाश रिवर बैड मिनरल्स कंपनी के काशीपुर- जसपुर एरिया मैनेजर सतीश कुमार ने बताया कि बीती 18 मई को जसपुर ठाकुरद्वारा मार्ग तालबपुर बॉर्डर स्थित माईनिंग बैरियर पर कर्मचारी अभिषेक पवन व यश के साथ ड्यूटी कर रहे थे। तभी वाहन स्वामी मुकेश कश्यप निवासी कनकपुर पिपली थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद अपने साथ कुछ लड़कों को लेकर आया और बेरियर के पास बैठे कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। मौके पर बैठे कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाने का प्रयास किया, तो मुकेश कश्यप ने उनके ऊपर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। कर्मचारियों ने फायरिंग से खुद को तो बचा लिया, लेकिन गोली जाकर दुकान के शटर पर लग गई। उसके पश्चात हमलावर बेरियर को हटाने और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। यह घटना बेरियर पर निःशुल्क खनन वाहन निकालने के विवाद को लेकर हुआ।

काशीपुर-जसपुर सीओ दीपक सिंह ने बताया कि पीड़ित एरिया मैनेजर सतीश कुमार की तहरीर पर प्रथम दृष्टता संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम सभी आरोपों की विस्तृत जांच कर रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध उचित विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ मेडिकल संचालक दबोचा

**मेडिकल स्टोर पर एक्सपायर दवाइयों का स्टॉक व अन्य खामियां भी मिली, मेडिकल स्टोर सील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्त उत्तराखंड' अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व रोकथाम हेतु दिए गए आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में तहसीलदार जसपुर, सीएमएस जसपुर, ड्रग्स इंस्पेक्टर रुद्रपुर, कोतवाली जसपुर पुलिस, ANTF रुद्रपुर की टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर पतरामपुर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की कार्यवाही की गई।

चेकिंग के दौरान यश मेडिकल स्टोर संचालक चमन सिंह पुत्र चन्दन सिह निवासी मौ. भूप सिह सक्को वाली मस्जिद के पास जसपुर उम्र 57 वर्ष मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बिक्री करता हुआ पाया गया जिसके पास से 768



प्रतिबन्धित कैप्सूल बरामद हुए। इसके अलावा मेडिकल स्टोर पर एक्सपायर दवाईयों का स्टोक व अन्य खामियां भी पाई गईं, जिसके आधार पर मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। अभियुक्त चमन सिंह को गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अभियुक्त को न्यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। अभियुक्त से बरामद कैप्सूल को मात्र डाक्टर की रिक्मनडेशन पर लिखित पर्चे पर दिया जा सकता है और उक्त दवाईयों का पूरा लेखा जोखा लिखित में रजिस्ट्रर में मेन्टेन करना अनिवार्य होता है, परन्तु अभियुक्त द्वारा उक्त दवाईयों को नशे के रूप में क्षेत्र में बेचकर नशे की पृवत्ति को बढ़ाया जा रहा था।

कार्यवाही टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल, कानूनगो घनेश शर्मा तहसील, डा. डीएम गहलौत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सा. स्वा. केन्द्र जसपुर, ड्रग इन्सपेक्टर नीरज कुमार, मीनक्षी बिष्ट नैनीताल, निधि शर्मा, शुभम कोटनाला, हर्षित, गोविन्द सिंह मेहता, उ. नि. हरीश आर्या, कौशल भाकुनी, हे.का. भुवन पाण्डेय, का. प्रशान्त कुमार, हरीश सिंह बिष्ट, दिनेश चन्द्र, म.का. कंचन, का. विनोद खत्री आदि शामिल रहे।

### एक नजर

## मांगों को भोजन माताओं ने रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भोजन माता संगठन लंबे समय बाद भी तीन सूत्रीय मांग पूरी न होने पर सड़क पर उतर आया। मंगलवार को जिला मुख्यालय में भोजन माताओं ने प्रदर्शन और रैली निकालकर विरोध जताया।




कहा कि महंगाई के इस दौर में उन्हें अल्प मानदेय दिया जा रहा है, वह भी साल के बारह माह का नहीं मिलता। इससे उनके लिए अपने परिवार का भरण-पोषण करना चुनौती बन गया है। नगर के रामलीला मैदान सदर में भोजन माता संगठन की जिलाध्यक्ष जानकी भंडारी के नेतृत्व में महिलाएं एकत्र हुई। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भंडारी ने कहा कि मानदेय वृद्धि कर 15 हजार करने, प्रत्येक भोजनमाता का बीमा दस लाख करने, वर्ष भर का मानदेय की व्यवस्था, ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन के लिए उच्च गुणवत्ता की दो ड्रेस उपलब्ध कराने आदि को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं।

## जगदीशिला डोला यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** बागेश्वर से सीमांत जनपद पहुंची जगदीशिला डोला यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ।

सोमवार देर रात बारिश के बीच यात्रा थल बालेश्वर मंदिर पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि 26वीं बार यात्रा में डोली चली है। हरिद्वार से बीते आठ मई से यात्रा शुरू हुई, जो देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली,पौड़ी, बागेश्वर होते हुए यहां पहुंचे हैं। बाद में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जगदीशिला डोला यात्रा डीडीहाट रवाना हुई। यहां भी लोगों ने जगदीशिला डोला यात्रा का जोरदार तरीके से स्वागत किया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को डोला धारचूला पहुंचा।

## पुस्तक हम पहाड़ी कविता संग्रह का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थल।** तड़ीगांव के पूर्व सैनिक भानी चंद (79) की पुस्तक हम पहाड़ी कविता संग्रह का विमोचन हुआ।

मंगलवार को चंद ने बताया कि उन्होंने अपने इस संग्रह में पहाड़ के समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास पर कविताओं के माध्यम से प्रहार करते हुए समाज को जागरूक करने कोशिश की है। इसके अलावा उन्होंने पहाड़ की संस्कृति, यहां के मंदिरों व मान्यतों को भी कविता का रूप दिया है। पर्यावरण का महत्व और संरक्षण पर भी आधारित कविताओं के जरिए चंद ने लोगों से पर्यावरण को बचाए रखने की अपील की है। चंद की इससे पूर्व भी चालीस कविताओं का संग्रह जागरण पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है। वर्ष 1962 में हाईस्कूल करने के बाद चंद सेना में भर्ती हुए और 28 साल की सैन्य सेवा के बाद 1990 में सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विषयों में कविता लेखन शुरू किया। सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर पूरन सिंह भैसोड़ा, कुंवर सिंह मेहता, हरसिंह, अशोक चंद, निवर्तमान बीडीसी सूरज सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सामंत आदि ने चंद को बधाई देते हुए कविता संग्रह की सराहना की है।

## मांगों को लेकर राज्य निर्माण सेनानी संगठन दे दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया के नेतृत्व में एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया।



ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने शासन से उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शब्द हटाकर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी करने, आपातकाल के दौरान जेल गए उत्तराखंड के लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर राज्य निर्माण सेनानियों को भी एक समान बीस हजार रुपए मासिक वेतन दिए जाने तथा राज्य के अंदर व राज्य के बाहर बने गेस्ट हाउसों में राज्य निर्माण सेनानियों के निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। साथ संगठन ने आशा जताई है कि 9 नवंबर 2025 को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी उक्त मांगों को पूरा करेंगे। संगठन ने सरकार द्वारा पूर्व में की गई मांगों में से अधिकांश मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री धामी का आभार एवं धन्यवाद भी जताया है। ज्ञापन में बसंती देवी, कौशल्या भंडारी, गंगोत्री देवी, भागीरथी कन्याल, जानकी गोस्वामी, सुभाष राणा, अशोक खड़का, गिरीश चंद्र पांडे, बदर सिद्दीकी, हरीश सुयाल, आदेश भटनागर, नारायण सिंह, त्रिभुवन सिंह, रमेश चंद्र कोठारी, होशियार सिंह जेठी तथा राज कपूर आदि के हस्ताक्षर थे।

## धरचूला-लिपूले एनएच में भूस्खलन आदि कैलास यात्री फंसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** धारचूला-लिपूलेख एनएच में भूस्खलन होने से पहाड़ी दरक गई।

मंगलवार को प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक ऐलागाड और दोबाट के बीच एकाएक पहाड़ी दरकने से भारी मात्रा में बोल्डर और मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे इस मार्ग में आवाजाही पूर्णतया बंद हो गई। मार्ग बंद होने से आदि कैलास यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु भी फंस गए हैं। इधर सूचना के बाद प्रशासन सड़क खोलने में जुट गया है। चार घंटे बाद भी सड़क पर गिरा मलबा नहीं



हटाया जा सका।

## सिडकुल प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले युवक की कमरे मौत

**परिजनों ने मृतक की पत्नी और मकान मालिक के बीच अवैध संबंध का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम सिसैया बंधा निवासी देवानंद उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र आसकरन जो सिडकुल सितारगंज की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था बीती रात लगभग 9 बजे बेहोशी की हालत में रुद्रपुर इलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

मृतक के बड़े भाई विजय ने सितारगंज थाना में तहरीर देखकर बताया है कि वह तथा उसका मृतक भाई देवानंद दोनों सितारगंज सिडकुल मैं एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे, लेकिन देवानंद अपनी पत्नी सुषमा सहित अलग किराए के कमरे में रहता था। जिसका मकान मालिक संजय नकुलिया चौराहा सितारगंज का है। तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया है कि मृतक की पत्नी सुषमा और मकान मालिक के बीच हुए देश संबंध था जिसके चलते मृतक की पत्नी सुषमा तथा मकान मालिक संजय ने उसके भाई देवानंद को जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतार दिया। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी सुषमा के पिता सुशील, मां शिवकुमारी, भाई अखिलेश, संदीप तथा भाभी नैना देवी पत्नी संदीप कोई घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। तारीख में उन्होंने लिखा है क्यों तो लोगों द्वारा उसके छोटे भाई देवानंद को आए दिन जान से मारने की धमकी दी जाती थी। वहीं पीड़ित ने सितारगंज थाना में तहरीर सौंप कर रिपोर्ट दर्ज करने तथा घटना में शामिल उपरोक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। मृतक के बड़े भाई विजय ने बताया कि सोमवार को किसी व्यक्ति ने फोन द्वारा उसकी भांजी को सूचना दी कि मैं दरोगा बोल रहा हूं तुम्हारे मामा के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी गई है। तब भांजी ने अपने बड़े मामा विजय को बताया। वहीं मृतक का फोन बंद स्विच ऑफ चल रहा था। परिजन तथा मृतक का बड़ा भाई विजय आनन-फानन में मृतक के कमरे पर पहुंचे जहां पर उसकी पत्नी सुषमा भी मौके पर मौजूद थी और दरवाजा बाहर से बंद था। जब दरवाजा खोला गया तो देवानंद बेहोशी की हालत में था जिसको आनन फानन में सरकारी अस्पताल सितारगंज ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा अन्यत्र रेफर कर दिया गया। परिजन बेहोशी की हालत में देवानंद को इलाज हेतु रुद्रपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही देवानंद ने दम तोड़ दिया जहां से वापस सितारगंज सरकारी अस्पताल ले आए। जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आपको बता दें कि मृतक देवानंद की शादी लगभग डेढ़ साल पहले जिला पीलीभीत के पूरनपुर तहसील क्षेत्र के लक्ष्मण नगर से हुई थी। शादी के बाद से ही मृतक देवानंद तथा उसकी पत्नी सुषमा सितारगंज सिडकुल क्षेत्र में किराए के मकान में रहते थे। जिनका अपने घर सिसैया खटीमा आना-जाना बहुत कम था तथा मृतक देवानंद लगभग चार साल से सितारगंज सिडकुल के एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

## जनता की समस्याओं का समाधान ही सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एकः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान किए जाने हेतु जनपद के स्थानीय लोगों द्वारा जिलाधिकारी से भेंट कर समस्याओं के समाधान किए जाने हेतु उनसे वार्ता कर समस्याओं के समाधान किए जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जिस पर त्वरित कार्यवाही कर समस्याओं के तत्काल समाधान किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

बता दें कि जिलाधिकारी ने स्थानीय जनता की समस्याओं के समाधान किए जाने हेतु उनसे मिलने आ रहे लोगों की समस्याओं की जनसुनवाई कलेक्ट्रेट में की गई। इस दौरान विकासखंड बेरीनाग से आई



महिला शान्ति चन्याल निवासी तहसील बेरीनाग द्वारा उनकी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन दीवार लगाकर अपने शौचालय पिट के पानी को उनकी भूमि में डालने आदि संबंधी समस्या का समाधान करने की मांग जिलाधिकारी के सम्मुख रखी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी बेरीनाग को समस्या का त्वरित समाधान करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जनपद के विभिन्न नागरिकों द्वारा भी शहर में पेयजल आपूर्ति न होने आदि समस्याओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान किए जाने से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है, शीघ्र ही उक्त समस्याओं का समाधान किए जाने की बात जिलाधिकारी ने कही।

इसके अतिरिक्त जनपद के दो नवागंतुक सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों जिनमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अभिनव गहतोड़ी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शिवांश काण्डपाल द्वारा भी जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की गई।

## राज्यपाल के 'दानवीर सम्मान' से नवाजे गए नरेंद्र लड़वाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा किए जा रहे मानव सेवा के कार्यों को और आगे बढ़ाने के लिए लड़वाल फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह लड़वाल द्वारा वर्ष 2023 में 51 हजार रुपये की धनराशि भेंट की गई थी। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अवकाश प्राप्त गुरमीत सिंह द्वारा उनके प्रयासों के सराहना करते हुए उन्हें 'दानवीर सम्मान' से नवाजा गया है।

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष जिलाधिकारी नवनीत पांडे एवं चेयरमैन राजेंद्र गहतोड़ी ने राज्यपाल की ओर से दिया गया 'दानवीर सम्मान' सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया। लड़वाल ने कहा मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म व कर्म नहीं है। उन्होंने राज्यपाल समेत जिलाधिकारी एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गुजरात के पूर्व डीजीपी टीएस बिष्ट दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, लड़वाल फाउंडेशन के उपाध्यक्ष डा. शरद जोशी, एडवोकेट शंकर दत्त पांडे आदि लोग भी मौजूद थे।

## छात्र- छात्राओं को किया जगरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** क्षेत्रीय निदेशक एनसीबी क्षेत्रीय इकाई देहरादून एवं भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय मादक पदार्थ हेल्पलाइन मानस (1933) के प्रचार प्रसार हेतु महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में आज लोहाघाट महाविद्यालय परिसर में हेल्पलाइन के बैनर लगवाए गए और पंपलेट भी बटवाए गए।

महाविद्यालय के मुख्य गेट, पीजी ब्लॉक, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं बीएड संकाय में बैनर लगवाए गए और प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को इस हेल्पलाइन नंबर के लिए जागरूक किया गया। साथ ही शहर में प्रचार - प्रसार करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस आंदोलन में 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' को और



अधिक प्रभावी बनाने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मानस 1933 हेल्पलाइन को जनमानस में प्रचारित - प्रसारित करने की अपील भी की ताकि लोहाघाट शहर एवं आसपास के क्षेत्र में लोग नशे से दूर रहे और इस विषय पर जागरूक बने।

इस प्रचार-प्रसार कार्यक्रम में नोडल डा. लता कैड़ा, डा. पंकज कुमार टम्टा, डा. सुमन पांडेय, डा. ममता बिष्ट, डा. रवि सनवाल, डा. कमलेश सकटा, डा.सुनील कुमार, रमेश चंद्र जोशी, रमेश चंद्र भट्ट एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेंद्र सिंह चौहान एवं ऑनलाइन मीडिया पत्रकार गिरीश सिंह बिष्ट का विशेष योगदान रहा।

## स्पोर्ट्स हॉस्टल एवं स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश को मुख्य ट्रायल संपन्न

**104 खिलाड़ियों ने प्रवेश पाने को दिखाया दमखम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** खेल विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में बॉक्सिंग खेल में संचालित स्पोर्ट्स हॉस्टल टनकपुर, कोटद्वार में बालकों के प्रवेश हेतु एवं स्पोर्ट्स हॉस्टल, पिथौरागढ़ में बालिका खिलाड़ियों के प्रवेश हेतु तथा श्री हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज, लेलू, पिथौरागढ़ में बालकों के प्रवेश हेतु दो दिवसीय मुख्य ट्रायल श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हो गए।

मुख्य ट्रायल 19 एवं 20 मई को एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं बॉक्सिंग खेलो के मुख्य ट्रायल में विभाग द्वारा गठित समिति ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुँचे 92 बालक व 12 बालिका खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट के साथ-साथ खेल कौशल का मूल्यांकन किया गया। वरीयता स्थान प्राप्त अव्वल रहे खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स हॉस्टल एवं कॉलेज में रिक्ट सीट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी की देखरेख में स्पोर्ट्स हॉस्टल हेतु बॉक्सिंग के ट्रायल खेल विशेषज्ञ ललित मोहन कुंवर, श्याम सिंह डांगी एवं जीवन प्रकाश द्वारा लिए गए। स्पोर्ट्स कॉलेज हेतु एथलेटिक्स, बॉक्सिंग एवं फुटबॉल के ट्रायल खेल विशेषज्ञ प्रताप सिंह, कुलदीप चौहान, रविन्द्र सिंह, निखिल महर, जर्नादन सिंह वल्दिया, विनोद सिंह वल्दिया, डा. पुष्कर सिंह अधिकारी, चन्द्र सिंह धामी द्वारा लिए गए। इस अवसर पर उमेश चन्द्र खत्री रिटायर्ड जिला क्रीड़ा अधिकारी, सतीश कुमार सहायक प्रशिक्षक, नीरज सिंह सौन, दीपांक वर्मा, प्रशान्त सिंह भैसोड़ा, गोपेश पाण्डेय, अजय पल्याल, दीप चन्द्र जोशी, खेल विभाग एवं स्पोर्ट्स कॉलेज के कार्मिक उपस्थित थे।



पढ़ते रहिए
अपना दैनिक
शाह टाइम्स

## मैग्जीन सोत क्षेत्र में मिला बाघ के शावक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत कालागढ़ रेंज के धारा ब्लॉक, लक्कडघाट बीट क.सं.-01, मैग्जीन सोत क्षेत्र में मंगलवार की सुबह गश्त के दौरान स्टॉफ को मैग्जीन सोत के पास बाघ के शावक का एक शव दिखाई दिया। जिसके सभी अंग दांत, नाखून, हड्डियों एवं खाल सड़ी गली अवस्था में मौके पर पाए गए।



गश्त के दौरान ही लक्कडघाट बीट के अन्तर्गत मैग्जीन सोत के दूसरे छोर पर एक अन्य बाघ के शावक का शव बरामद हुआ। जिसके सभी अंग दांत, नाखून, हड्डियों एवं खाल सड़ी गली अवस्था में मौके पर पाए गए। कार्बेट के कर्मियों के द्वारा जिसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी गई और घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्र में सघन गश्त की गई। उक्त क्षेत्र में इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। उक्त घटना स्थल के आस-पास बाघ के पगमार्क व उपस्थिति पाई गयी। प्रथम दृष्ट्या किसी नर बाघ के द्वारा उक्त शावकों को मारा जाना प्रतीत होता हैं।पशु-चिकित्साधिकारियों के पैनल के द्वारा विभागीय अधिकारियों ,कर्मचारियों और एनजीओ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित एसओपी के अनुसार उक्त बाघ के दो शावकों के शवों का मौके पर शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

इस दौरान कार्बेट के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ कार्बेट टाइगर रिजर्व बिन्दर पाल, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डा. राजीव कुमार, डा. हिमांशु पाण्डे, एजी अन्सारी, फैजान अंसारी, मनीष कुमार, विरेन्द्र अग्रवाल, महेश चन्द्र जोशी, भारत सिंह रावत, अनू भारती, ललित मोहन, वजाहद अली, प्रदीप सिंह आदि शामिल रहे।

## ढेला के आदित्य और हार्दिक ने ताइक्वांडो में जीता पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राजकीय इंटर कालेज ढेला के बारहवीं के छात्र आदित्य बोरा और हार्दिक खड़का ने अपने कोच तरुण भट्ट के दिशा निर्देशन में ताइक्वांडो में राज्यस्तर पर मेडल प्राप्त किए, जिनका विद्यालय पहुंचने पर दोनों ही छात्रों का स्वागत किया गया।



ढेला के अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल के अनुसार ताइक्वांडो खिलाड़ी आदित्य बोरा ने 17-19 आयु वर्ग में उत्तराखंड मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के लिए चयनित हुए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज ढेला रामनगर के छात्र आदित्य ने यह उपलब्धि अपने कोच तरुण भट्ट के मार्गदर्शन में प्राप्त की है।उत्तराखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, राज्य भर में युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष पहल है। इस योजना के तहत, चयनित एथलीटों को एक वर्ष के लिए दो हजार रुपये का मासिक वजीफा और खेल उपकरणों के लिए 10 हजार का एकमुश्त अनुदान मिलता है। जिससे उन्हें बेहतर संसाधनों के साथ अपने प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। ढेला इंटर कालेज के ही दसवीं के छात्र हार्दिक खड़का सात बार राज्य स्तरीय खिलाड़ी रह चुके हैं, उन्होंने ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज जोशी, सीपी खाती, हरीश कुमार, नवेंदु मठपाल, महेंद्र आर्य, दिनेश निखुरपा, संत सिंह,शैलेंद्र भट्ट ,सुभाष गोला,बालकृष्ण चंद, प्रदीप शर्मा, जया बाफिला, उषा पवार, हेमलता जोशी, पद्मा,संजीव कुमार,नरेश कुमार,प्रताप सिंह बोरा, मालती देवी, ख्याली दत करगेती, मुकुल पंत, आनंद सिंह बिष्ट, विमला देवी, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

## ओमान से घर आए युवक की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बूढ़ाबाग निवासी मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपी युवक पर भाई को ब्लैक मेल करने और मानसीक रूप से परेशान करने का आरोप लगाया है। ओमान के एक होटल में सैफ का कार्य करने वाला गौरव कुमार पुत्र स्वर्गीय दयालू राम आठ मई को अपने घर आया था जिसने 12 मई की रात को फांसी पर लटककर जान दे दी थी। परिजनों ने पुलिस को बिना बताए शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उसके बाद अचानक यह मामला सोशल मीडिया में सुखियों में आ गया। इसके बाद शनिवार को परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में युवक को आत्महत्या के लिए मजबूर करने की आशंका जताई गई है। साथियों ने बताया कि गौरव को पिथौरागढ़ का एक युवक ब्लैकमेल कर रहा था। इस मामले में मृतक के भाई संजय कुमार ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह अपनी ड्यूटी पर था उसी दौरान 13 मई को उसकी बुआ के लड़के का फोन आया कि उसके छोटा भाई गौरव कुमार की मृत्यु हो गई है। उन्होंने उसकी मृत्यु स्वाभाविक समझकर अन्तिम संस्कार कर दिया। परन्तु कुछ दिन बाद ओमान से उसके भाई गौरव कुमार के साथ काम करने वाले साथियों द्वारा उसे बताया गया कि उसके भाई गौरव से पैसे मांगे जा रहे थे। जिस पर शक होने पर उसने भाई का मोबाईल चेक किया तो उसमें व्हाट्सअप से बार-बार पैसों की डिमाण्ड करने की वार्ता की गई थी। जिससे उसका भाई परेशान लग रहा था। उन्हें शक हुआ कि उसके भाई को दीपक बोरा नाम का व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान कर रहा था। जिसके चलते उसके भाई गौरव कुमार ने आत्महत्या की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दीपक बोरा के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की गई है।

# स्वरोजगार की राह पर टिहरी: ट्राउट मछली से ग्रामीणों को आर्थिक संबल

## आईटीबीपी को 120 किलो ट्राउट मछली की आपूर्ति, हटवाल गांव के पंचम हटवाल बने प्रेरणा स्रोत

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई स्थानीय लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम देने लगी है।

- स्थानीय उत्पादन को मिल रहा बाजार, वोकल फॉर लोकल अभियान को मिल रही गति

इसी क्रम में मत्स्य पालन विभाग और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बीच हुए अनुबंध के तहत सोमवार को जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखंड जौनपुर के हटवाल गांव से 1 कुंतल 20 किलो ताजी ट्राउट मछली की आपूर्ति देहरादून स्थित आईटीबीपी सीमाद्वार को की गई।

यह आपूर्ति सॉन्ग वैली मत्स्य जीवी सहकारी समिति के माध्यम से की गई, जिसके अध्यक्ष पंचम हटवाल ने अपने गांव में मत्स्य पालन कर स्वरोजगार की राह को साकार किया है। उन्होंने वर्ष 2019 में मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठाते हुए 10 सीमेंटेड तालाबों का निर्माण कर ट्राउट मछली पालन की शुरुआत की। व्यापार में लाभ देखते हुए उन्होंने 2022 में पांच और तालाबों का निर्माण किया और अब वे सालाना 3 से 4 लाख रुपये की आमदनी कर रहे हैं।

आईटीबीपी के साथ हुए अनुबंध के बारे में पंचम हटवाल ने कहा कि उनके लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि उनका उत्पाद अब देश की सुरक्षा में लगे जवानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि ट्राउट मछली की मांग दिल्ली, चंडीगढ़ और स्थानीय क्षेत्रोंकृचंबा, काणाताल और धनोल्टीकृमें भी तेजी से बढ़ रही है। आईटीबीपी से जुड़ाव ने उनके व्यवसाय को नई दिशा दी है और उनकी मार्केटिंग को मजबूती मिली है। सहायक निदेशक मत्स्य विभाग उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आईटीबीपी की साप्ताहिक मांग के अनुसार अब नियमित रूप से मछली की आपूर्ति की जाएगी। यह योजना न केवल स्थानीय मत्स्य पालकों को सशक्त बना रही है, बल्कि श्वोकल फॉर लोकलश् अभियान को भी मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि ट्राउट मछली में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड, उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन, विटामिन्स और मिनरल्स जैसे सेले. नियम, जिंक, आयोडीन, फास्फोरस जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इसे एक उत्कृष्ट स्वास्थ्यवर्धक आहार बनाते हैं।

उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ट्राउट मछली की प्रोटीन पाचन दर 90-95 प्रतिशत तक होती है और यह शरीर द्वारा 2 से 3 घंटे में आसानी से पचाई जा सकती है। इसका सेवन स्वास्थ्य के लिहाज से अत्यंत लाभकारी है। टिहरी गढ़वाल मत्स्य विभाग पूर्व में भी उत्तरकाशी स्थित आईटीबीपी मंथली को 125 कुंतल मछली की आपूर्ति कर चुका है। भिलंगना ब्लॉक के चांजी गांव स्थित मत्स्य जीवी सहकारी समिति के माध्यम से भी यह कार्य संपन्न हुआ, जो इस दिशा में जिले की क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टिहरी में इस प्रकार की योजनाएं न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही हैं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रही हैं। जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के नेतृत्व में प्रशासन लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# जनपद के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

- राज्य प्रवीणता सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित
- जिलाधिकारी बोले- मेहनत ही सफलता की कुंजी, मोबाइल से दूर रहें विद्यार्थी

**नई टिहरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नई टिहरी में मंगलवार को जनपद टिहरी के परिषदीय परीक्षा-2025 में राज्य की प्रवीणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विकासखण्ड स्तर पर राजकीय विद्यालयों में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल निरंतर मेहनत ही व्यक्ति को उसके लक्ष्य तक पहुंचा सकती है। उन्होंने छात्रों को मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन योग, पैदल चलने या किसी खेल गतिविधि में शामिल होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के अंक अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अभी से मेहनत शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को सकारात्मक माहौल दें, क्योंकि घर का वातावरण भी बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इससे पूर्व डायट प्राचार्य हेमलता भट्ट ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए जनपद की परिषदीय परीक्षाओं में हो रही निरंतर प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टिहरी जनपद ने राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में वर्ष 2023 में जनपद को 13वां स्थान मिला, 2024 में 11वां और 2025 में 8वां स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में वर्ष 2023 में 11वां, 2024 में 7वां और 2025 में 5वां स्थान रहा। वर्ष 2025 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.5 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 88.38 प्रतिशत रहा, जो राज्य औसत से अधिक है।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य प्रवीणता सूची में पिछले वर्ष हाईस्कूल में जहां 10 छात्रों ने स्थान प्राप्त किया था, वहीं इस बार यह संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इंटरमीडिएट में भी इस वर्ष 4 छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर की प्रवीणता सूची में स्थान बनाया है। उन्होंने सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपने अनुशासन और मेहनत से अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

मुख्य शिक्षा अधिकारी एस.पी. सेमवाल ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हुए छात्रों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और खंड शिक्षा अधिकारियों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर उप निदेशक एससीईआरटी कृष्णानंद बिज्लवाण, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) एस.पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) नरेश चंद्र हल्दियानी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी और संस्थान से जुड़े अधिकारी जैसे दीपक रतूड़ी, राजेंद्र प्रसाद बडोनी, डॉ. वीर सिंह रावत, आनंद मणि पैन्यूली, प्रमोद पैन्यूली, बृजपाल रावत, देवेंद्र सिंह भंडारी, नरेश चंद्र कुमांई, डॉ. सुमन नेगी और सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डायट टिहरी की वार्षिक कार्ययोजना को मिली मंजूरी

## 72.40 लाख की गतिविधियों को अनुमोदन, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार पर जोर

- ड्रेसिंग सेंस, स्वच्छता, जंक फूड से दूरी और विज्ञान शिक्षा को लेकर दिए गए अहम निर्देश

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) टिहरी गढ़वाल की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 के लिए कार्यक्रम परामर्शी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान की गत वर्ष की उपलब्धियों और गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक सुना।

जिलाधिकारी ने इस दौरान संस्थान द्वारा प्रस्तावित 72.40 लाख रुपये की लागत वाली शैक्षिक गति. विधियों को अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य और अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी विद्यालयों में छात्रों के ड्रेसिंग सेंस को बेहतर बनाने के लिए पहल की जाए। उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने, छात्रों को जंक फूड से दूर रखने और भोजन में मोटे अनाज को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विज्ञान मेले की गतिविधियों को और व्यापक रूप देने, विद्यालय प्रबंधन समितियों को सशक्त बनाने तथा विज्ञान शिक्षा के साथ-साथ प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक ज्ञान को भी बढ़ावा देने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि छात्रों के भीतर छिपे हुनर को पहचानते हुए उन्हें कौशल विकास और रोजगार की दिशा में प्रेरित किया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान असंवैधानिक रूप से संचालित प्ले स्कूलों और निजी विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पुस्तकों की सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी एस. पी. सेमवाल को निर्देशित किया गया। बैठक में उप निदेशक एससीईआरटी कृष्णानंद बिजलवाण, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) एस. पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) नरेश चंद्र हल्दियानी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, संस्थान से दीपक रतूड़ी, राजेंद्र प्रसाद बडोनी, डॉ. वीर सिंह रावत, आनंद मणि पैन्यूली, प्रमोद पैन्यूली, बृजपाल रावत, देवेंद्र सिंह भंडारी, नरेश चंद्र कुमांई, डॉ. सुमन नेगी, सीमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योग दिवस की पूर्व संध्या पर विजयी प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय इंटर कॉलेज खरोड़ा, चकराता में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुनैन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग आधारित विविध गति. विधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में चित्रकला, भाषण, निबंध लेखन तथा योग प्रदर्शन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य वक्ता डॉ. ममता सामंत, आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी, कुनैन ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा योग न केवल शरीर बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। योग अनुदेशक सिकंदर राणा ने कहा कि दैनिक जीवन में योग को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह रौथाण ने कहा, योग चित्त की वृत्तियों पर नियंत्रण सिखाता है और 'करो योग, रहो निरोग' का संदेश आज पहले से अधिक प्रासंगिक है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. उमेश चमोला ने किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं में सफल होने के लिए छात्रों को उपयोगी सुझाव भी दिए। योग पर आधारित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## ड्यूटी गया व्यक्ति लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** घर से ड्यूटी को गया अधेड़ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता होने के आठ माह बाद पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर उसकी गुमशुदगी दर्ज की है। पुलिस अब उसकी तलाश कर रही है। दुर्गा कालोनी निवासी चंद्रावती पत्नी राजेंद्र सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 31 अक्टूबर 2024 को उसके 50 वर्षीय पति राजेंद्र सिंह घर से अलीगंज रोड स्थित एक कंपनी में ड्यूटी के लिए निकले थे, जिसके बाद वह लापता हो गए।

## किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** बुआ के घर जाने को निकाला नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने मां की तहरीर के आधार पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हेमपुर स्माइल निवासी निशकांता पत्नी सतीश चंद्र ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 मई की सुबह उसका 16 वर्षीय बेटा निखिल अपने गांव में ही अपनी बुआ कमलेश के घर जाने के लिए निकाला था, लेकिन वह देर शाम तक भी उनके घर नहीं पहुंचा और ना ही घर वापस आया। उसको बेटे के साथ अनहोनी की आशंका है।

# श्रम संहिताओं और 12 घंटे कार्य दिवस का विरोध तेज

- ट्रेड यूनियन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, श्रमिकों के हित में कानून रद्द करने की मांग
- निजीकरण पर रोक, महिला श्रमिकों को राज्य कर्मचारी घोषित करने की उठी आवाज

**नई टिहरी।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन समन्वय समिति ने केंद्र सरकार द्वारा पुराने 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर लागू की गई चार नई श्रम संहिताओं और 12 घंटे कार्य दिवस की व्यवस्था को श्रमिक विरोधी करार देते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की है। समिति ने मंगलवार को जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते हुए अपनी मांगें स्पष्ट रूप से रखीं।

समिति के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्र होकर कहा कि वे लंबे समय से श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस और सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है, जिससे श्रमिक वर्ग को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन में केंद्र और राज्य सरकार से सार्वजनिक प्रतिष्ठानों जैसे बैंक, बीमा, रक्षा, रेलवे और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

इसके साथ ही किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने, बिजली विधेयक 2022 को वापस लेने और स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय को रद्द करने की मांग की गई। समिति ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के अंशदान में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और भोजन माताओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और इन्हें न्यूनतम ₹26,000 मासिक वेतन प्रदान किया जाए। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि उत्तराखंड एक पर्वतीय राज्य है, जहां तीन-चार जिलों को छोड़कर अधिकांश जनपदों में औद्योगिक विकास की संभावनाएं सीमित हैं। ऐसे में सरकारी विभागों में वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षा और स्थायित्व मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के संयोजक केशार सिंह, उत्तराखंड ऊर्जा निगम संविदा कर्मचारी यूनियन के संयोजक राजेश चमोली, सीआईटीयू के जिला संयोजक चिंतामणि थपलियाल, ऊर्जा निगम संविदा कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील बिजल्वाण, एटक के विधि सलाहकार जयप्रकाश पांडे, ग्राम प्रहरी यूनियन के जिला सचिव रमेश लाल और श्रीपाल चौहान समेत अन्य सदस्य शामिल रहे।

## राजकीय शिक्षक संघ की शाखा का गठन

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में राजकीय शिक्षक संघ की नई शाखा का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुए। सर्वसम्मति से संजय कुमार को शाखाध्यक्ष, पवन कुमार को शाखा मंत्री और त्रिलोचन जोशी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में जनपदीय अधिवेशन की तैयारियों पर भी चर्चा की गई, जिसमें शिक्षक पल्लव जोशी को जिलाध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। पल्लव जोशी पिछले 20 वर्षों से राजकीय शिक्षक संघ के सक्रिय सदस्य रहे हैं और उन्होंने विभिन्न मंचों पर शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। इसके अलावा, दुर्गम एकता मंच से जुड़कर उन्होंने दुर्गम क्षेत्र के शिक्षकों की आवाज भी उठाई है। आगामी 23-24 मई को आयोजित होने वाले जनपदीय अधिवेशन में श्री पल्लव जोशी जिलाध्यक्ष पद के एकमात्र प्रत्याशी के रूप में दिखाई दे रहे हैं।

# उत्तराखंड को मौन पालन में विशेष आशीर्वाद: राज्यपाल

## विश्व मधुमक्खी दिवस पर उत्तराखंड राजभवन में भव्य प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर राजभवन, उत्तराखंड में मौन पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न प्रगतिशील मौन पालकों और गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि.) ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया और प्रदर्शनी का अवलोकन कर मौन पालकों से संवाद किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर मौन पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील पालकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में बागेश्वर की हेमा तिवारी, पिथौरागढ़ की भावना कार्की, अल्मोड़ा की चंपा देवी,



देहरादून की रेखा चौधरी, हरिद्वार के उज्ज्वल सैनी और नैनीताल के शेखर चंद्र भट्ट शामिल हैं। साथ ही, विश्व. विद्यालय के शोध और प्रसार कार्य में योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें निदेशक शोध डा. अजीत सिंह नैन, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेंद्र क्वात्रा और मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त निदेशक डा. प्रमोद मल्ल प्रमुख हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा उत्तराखंड को मौन पालन के क्षेत्र में प्रकृति का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है, जिसे हम आर्थिक दृष्टि से एक सशक्त माध्यम बना सकते हैं। शहद उत्पादन को बढ़ावा देकर राज्य में आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और ग्रामीण समृद्धि को बल मिल सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखंड के शहद में औषधीय गुण होते हैं, जिसे वैश्विक बाजार तक पहुँचाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय की 'वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च' पहल की सराहना की और बताया कि इस पहल के तहत राज्य में शहद उत्पादन की वर्तमान क्षमता को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विश्वविद्यालय परिसर में 92 एकड़ भूमि पर मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है, जो देशभर के विश्वविद्यालयों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा शहद उत्पादक देश स्लोवेनिया के साथ एक एमओयू भी किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में पहली बार विश्व मधुमक्खी दिवस का आयोजन राजभवन में किया गया। उन्होंने कहा कि 'वन यूनिवर्सिटी, वन रिसर्च' कार्यक्रम के तहत अब तक 750 किसानों को मौन पालन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और ये किसान आगे 100-100 अन्य किसानों को प्रशिक्षण देंगे, जिससे मौन पालन क्षेत्र में व्यापक विस्तार संभव होगा। डा. अजीत सिंह नैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा और शोध कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस आयोजन में उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, विभिन्न जिलों के मौन पालक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएं और विश्वविद्यालय के अधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कवियों ने बांधा समां

**काशीपुर।** साहित्य दर्पण की मासिक काव्य संध्या का आयोजन कुंडेश्वरी स्थित नवीन सिंह बिष्ट के प्रतिष्ठान पर किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. यशपाल सिंह रावत 'पथिक' ने जबकि संचालन ओम शरण आर्य चंचल ने किया। मुख्य अतिथि बाबा ज्ञानी सुभाग सिंह तथा विशिष्ट अतिथि उमेश जोशी एडवोकेट रहे। डॉ. सुरेंद्र भारद्वाज ने मधुर स्वर मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। तदुपरांत साहित्य दर्पण के सभी सदस्यों, कवियों, पत्रकारों, मीडिया प्रभारी तथा उपस्थित अन्य जनों का बैज अलंकरण पटका एवं फूलमालाओं से स्वागत कर किया गया। साथ ही नवीन सिंह बिष्ट के यूके कोचिंग सेंटर के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। काव्य संध्या के आयोजन में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान कवि जितेंद्र कुमार कटियार, कैलाश चंद्र यादव, सुभाष चंद्र अग्रवाल सीए, डॉ. सुरेंद्र शर्मा मधुर, ज्ञानी सुभाग सिंह, डॉ. यशपाल सिंह रावत 'पथिक', डॉ. पुनीता कुशवाहा, अंशिका जैन, सुरेंद्र भारद्वाज, कुमार विवेक मानस, प्रदोष मिश्रा, विजय प्रकाश कुशवाहा, मुनेश कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

# खरीद-फरोख्त के अभिलेख नहीं मिले

## छापेमारी: अनियमितता मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर ने टीम के साथ काशीपुर और जसपुर के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर दो मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया।

वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार और नैनीताल की मीनाक्षी बिष्ट ने टीम के साथ काशीपुर व जसपुर में स्थित मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। नीरज कुमार ने बताया कि काशीपुर में डॉक्टर लाइन स्थित अग्रवाल मेडिकल स्टोर और मॉडर्न मेडिकल स्टोर संचालक दवा खरीद-फरोख्त के अभिलेख नहीं दिखा सकें। दोनों मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की



गई है। वहीं, डॉक्टर लाइन में आदर्श मेडिकल स्टोर संचालक औषधि खरीद के बिल नहीं दिखा सके। उन्हें औषधि बिल दिखाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है, जबकि गंगे बाबा रोड स्थित कुमाऊं मेडिकल स्टोर का लाइसेंस सत्यापन नहीं कराने पर उसको सील करने की कार्रवाई की गई। वहीं जसपुर में यश मेडिकल स्टोर पर औषधि का अवैध भंडारण मिलने पर 8/22 का केस दर्ज कराया गया है। वहीं, बगल में स्थित मेडिकल स्टोर पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगा था। इसका संचालन महेंद्र सिंह व लहना सिंह कर रहे थे। ये लोग दवा बिक्री के अलावा चिकित्सीय कार्य करते पाए गए। इस पर मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। टीम में एएनटीफ रुद्रपुर के कौशल भाकुनी, ड्रग इंस्पेक्टर निधि शर्मा, हर्षिता, शुभम कोटनाला, पंकज पंत, पूजा रानी, अर्चना गहतोड़ी व पूजा जोशी के अलावा काशीपुर व जसपुर का तहसील प्रशासन और पुलिस बल मौजूद रहा।

## नाबालिग ने फिनाइल गटक लिया

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में एक और नाबालिग द्वारा विषाक्त पदार्थ गटकने का माला प्रकाश में आया है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार एक नाबलिग लड़की ने घर में रखा फिनायल गटक लिया। वह उल्टी करने लगी तभी परिजनों को शक हुआ। परिजन नाबालिक को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाए। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार केबाद नाबालिग की हालत गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। डा. भूपेंद्र घटियाल ने बताया कि ईएनटी चिकित्सक नहीं होने से रेुर किया गया है। किशोरी की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। परिजनों के अनुसार वह बहन के साथ किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उधर, पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## भाजपाइयों ने तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली

**बागेश्वर।** भारतीय सेना के ऑपपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में मंगलवार को दुग-नाकुरी में भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों ने शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें विवेकानंद विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने भी भागीदारी की। यात्रा का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भौर्याल ने किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य ताकत तथ वीरता का प्रतीक है। रैली क्षेत्र के सड़कों से होते हुए पार्टी के मंडल कार्यालय में पहुंची। जिसके बाद वक्ताओं ने अपने अपने संबोधन में सेना के पराक्रम को सराहा। इस अवसर पर पूरन गढ़िया, राजेंद्र राठौर, गणेश राठौर, चारू चंद्र उपाध्याय, बहादुर सिंह खाती, धन सिंह बाफिला आदि उपस्थित थे।

## सुमित्रानंदन पंत को 125वीं जयंती पर किया याद

**अल्मोड़ा।** प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत को उनकी 125 वीं जयंती पर याद किया गया। मंगलवार को जिले भर में उनकी जयंती धूमधाम मनाई गई। नगर निगम की ओर से मल्ला महल स्थित पंत पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों और कवियों ने पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने पंत के साहित्यक योगदान पर अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि सुमित्रानंदन पंत की कविताओं में पहाड़ की प्रकृति के विभिन्न रंग झलकते हैं। उनका पहाड़ प्रेम उनकी कविताओं से स्पष्ट नजर आता है। उनका छायावाद एवं प्रगतिवाद आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करते रहेगा।

# डीएम ने किया सड़कों का निरीक्षण

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने मंगलवार को पीएमजीएसवाई कपकोट के तहत विभिन्न सड़क मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ तिवारी ने चीराबगड़-पोथिग मोटर मार्ग, कपकोट-पिंडारी ग्लेशियर-रिखाड़ी वाछम मोटर मार्ग, कपकोट-तेजम मोटर मार्ग, पाकड़ मोटर मार्ग और भयूं-गूलेर मोटर मार्ग सहित अन्य सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की डीपीआर और टेस्टिंग रिपोर्ट का गहनता से परीक्षण किया। उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, नारायणबगड़ (चमोली) दूरभाषः 01363-255215
कारपोरेट आई०डी० संख्या (CIN) U40109UP2001SG025867/2358 Email:eddnbagar@yahoo.com

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस खण्ड की निविदा सं०-01/2025-26 से निविदा संख्या 04/2025-26 जो दिनांक- **20.5.2025** खोली जानी थी, अपरिहार्य कारण से अब दिनांक-**25.5.2025** को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त एवं दिनांक-**26.5.2025** को 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है व उसी दिवस अपराहन में निविदादाताओं के सम्मुख सांय 14:00 बजे सार्वजनिक रूप से क्रमवार खोली जायेंगी, अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांकः 445/वि०वि०ख०नारायणबगड़/टी-1 दिनांकः 19/05/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं० 1800-419-0405

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, चकराता (मु०-कालसी), देहरादून।
कारपोरेट आईडेन्टिटी संख्याः U40109UR2001SGC025867, वेबसाइट- www.upcl.org,
ई-मेल edc.chakrata@upcl.org, edcchakrata@gmail.com दूरभाषः 9411746161

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, चकराता (मु0-कालसी), देहरादून के अन्तर्गत ई-निविदा सं0 **12/वि0वि0म0च0(का0)/2025-26** आमंत्रित की जाती हैं।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी हेतु **www.uktenders.gov.in** पर देखें।

पत्रांक-656/वि0वि0म0च0/उपाकालि0 दिनांक-20.05.2025 **अधीक्षण अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)

भगवानपुर तहसील दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 49 शिकायतें आई

# डीएम ने 15 का मौके पर किया निस्तारण, शेष के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार भगवानपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 49 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 15 शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों को जल्द से जल्द समाधान करने के संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। तहसील दिवस में मुख्यत: शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित भूमि विवाद, सिंचाई, विद्युत व्यवस्था आदि समस्या प्रमुखता से रखी गई।

तहसील दिवस में पुष्पादेवी निवासी मक्कखनपुर ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उनकी जमीन पर अन्य व्यक्ति् द्वारा अतिक्रमण किया गया है की शिकायत दर्ज की जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार भगवानपुर को दोनों पक्षों से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सुलेमान निवासी सिरचंदी ने अवगत कराया कि उनकी जमीन पर सरकारी अस्पताल बनाया जा रहा है उसके बदले उन्हें जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी ने एसओसी को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सीताराम ग्राम इब्राहिमपुर ने कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा एक अवैध नाले का निर्माण किया जा रहा है जिसको लेकर अवैध निर्माण को रोकने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने एसओसी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। रामेश्वर निवासी इब्राहिमपुर ने मसाही परगना में पाइप लाइन टूटने से पिछले एक



हफ्ते से पानी की बर्बादी हो रही है तथा किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है जिसको लेकर शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ट्यूबवेल को जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इरफान अहमद निवासी ग्राम चोली शहाबुद्दीनपुर ने अपने शिकायती पत्र में कहा कि गांव सोनाली नदी के पास बसा हुआ गॉव में उपजाऊ भूमि को सोनाली नदी के तेज बहाव से कटाव हो रहा है, भूमि और अन्य संपति को बचाने हेतु तटबंध बनवाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सदाम निवासी भगवानपुर नें नेशनल हाइवे से लेकर कालीराम राकेश गेट तक सड़क पर अतिक्रमण हटाने को लेकर मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ भगवानपुर को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

**❖तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित करें निस्तारित : जिलाधिकारी**

जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि तहसील दिवस में आम जनता द्वारा जो भी समस्याएं और शिकायतें दर्ज कराई जाती है उन्हें सभी अधिकारी गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के अंतर्गत संवेदनशीलता के साथ उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करे, दर्ज शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार से की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने पिछले तहसील दिवस में दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा करते हुए ऐसे विभागों को कड़े निर्देश दिए है कि जिनके द्वारा अभी तक शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है तो वह तत्काल शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे, यदि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण समय के अंतर्गत नही किया जाता है तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें दर्ज की गई है उन पर संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में पूर्ण विवरण सहित आगामी तहसील दिवस में स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत किया है कि बिना सूचना एवं आधी अधूरी सूचना के तहसील दिवस में उपस्थित होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, सीएमओ आरके सिंह, एसपी देहात शेखर सुयाल, उपजिलाधिकारी अजयरवीर सिंह ,परियोजना निदेशक के.एन तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी के.के गुप्ता, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, बीडीओ आलोक गार्गेय, तहसीलदार दयाराम सहित संबंधित अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## डीएम ने किया जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब व निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने ब्लॉक भगवानपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरचन्दी में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब एव ग्राम पंचायत सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने आज विकासखंड भगवानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत सिरचन्दी में लगभग 13 बीघा भूमि में जल संरक्षण के लिए बनाए जा रहे तालाब एवं ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए है कि ग्राम पंचायत सिरचन्दी में मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए जो तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है उसे गुणवत्ता के साथ और तत्परता से करना सुनिश्चित करे, इसके साथ ही तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए जो भी रेलिंग एव इंटर लॉकिंग का कार्य किया जाएगा उससे गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गांव के चौमुखी विकास की लिए जो भी कार्य योजना तैयार की जाती है उसका पहला सदन ग्राम पंचायत भवन होता है इसके लिए यह जरूरी है कि पंचायत भवन का जो भी निर्माण कार्य किया जा रहा है उस कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करे। विकास कार्यों में किसी भी शिथिलता एवं लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत भवन परिसर के चारों ओर पेड़ पौधे लगाने के साथ ही परिसर में बेहतर ढंग से टाइल्स लगाने के भी निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी भगवानपुर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि सिरचन्दी में जो लगभग 13 बीघा में तालाब का कार्य मनरेगा से कराया जा रहा है जिसकी निर्माण लागत 14 लाख रुपए है ,उन्होंने ये भी अवगत कराया है कि सिरचन्दी में निर्माणाधीन पंचायत भवन के लगात 18 लाख रुपए है, जिसमें राज्य सेक्टर 15वे विक्त एवं मनेरगा के तहत कार्य किया जा रहा है। इस दौरान परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, ग्राम प्रधान अरविंद सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिलाओं को किसी भी क्षेत्र में कम नहीं आंका जाना चाहिए : मान सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की 20 मई 2025 आपरेशन सिन्दूर की सफलता में दो महिला अधिकारियों के अदम्य साहस एवं शौर्य को नमन करने के साथ सभी सैनिकों के सम्मान में ढ़डेरा नगर पंचायत में दिनांक 19 मई को सांयकाल सैनिकों के सम्मान में शौर्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी क्षेत्र की पूर्व सैनिकों,सेवारत सैनिकों की एवं सैनिक परिवारों की मातृशक्ति की उपस्थिति विशेष सराहनीय रही।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर तिरंगा शौर्य रैली को झण्डा दिखाकर प्रस्थान करते समय कर्नल द्वय कर्नल मान सिंह अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन हरिद्वार एवं कर्नल एम पी शर्मा पूर्व अध्यक्ष पूर्व सैनिक संगठन हरिद्वार एवं अध्यक्ष वानप्रस्थी जन जागरण अभियान समिति द्वारा कहा गया कि इस आपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व जिन दो महिला सैन्य अधिकारियों ने बहुत ही गोपनीयता एवं तत्परता से किया उससे समझ जाना चाहिए कि महिलाएं कठीन से कठिन कार्य भी आसानी से कर सकती है। कार्यक्रम संयोजिका राज्य सभा सांसद श्रीमती कल्पना सैनी जी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री मन्त्री ने आतंकवादियों के द्वारा किए गये इस जघन्य अपराध जो धर्म पूछकर एवं महिलाओं द्वारा यह कहकर कि हमारे सिंदूर के लिए हमारे पति को मत मारो पर क्रूरता की सीमा पार कर प्रधानमंत्री के पास संदेश देने को कहकर गोली चलाई के कारण मान प्रधानमंत्री ने सेना की महिला अधिकारियों से ही आपरेशन सिंदूर कर आतंकवादियों को और उनके शरणदाताओं को अपने अदम्य साहस एवं शौर्य से नेस्तनाबूद किया गया हमारे सैना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को इस प्रकार सहयोग करता रहेगा तो पाकिस्तान का अंत भी सन्निकट है जिसके लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा सैना को खुली छूट है।



कार्यक्रम के सह संयोजक अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष श्री हर्ष प्रकाश काला ने महिला सेनिक अफसरो एवं आपरेशन सिन्दूर को पूरा करने वाले सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा शौर्य यात्रा में उपस्थित मातृशक्ति, सभी पूर्व सैनिकों और सभी कालोनियों के सम्मानित अध्यक्षगणो एवं अति सम्मानित महिला अध्यक्षाओं का भी आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने इस तिरंगा शौर्य यात्रा जन समूह को एकत्रित किया।यह तिंरगा शौर्य रैली गणेश वाटिका से चलकर नगर पंचायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सतीश नेगी सभासद, विकास पाल,कुंवर सिंह डंगवाल सभासद दिनेश नेगी,नगर पंचायत अधिकारी विरेन्द्र सिंह और कर्मचारियोंमें विक्रांत शर्मा आदि ने तिरंगा यात्रा रैली पर फूलवर्षा कर स्वागत किया।

## ब्रिगेडियर प्रभात ने किया 84 उत्तराखंड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, रुड़की के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर प्रभात भंडारी द्वारा 84 उत्तराखंड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर, रूड़की का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान 84 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी के कार्यवाहक कमान अधिकारी ले कर्नल अमन कुमार सिंह द्वारा अतिथि महोदय की अगवानी की गई।

वार्षिक निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमांडर द्वारा वाहिनी के समस्त अनुभागों में अभिलेखों की जांच की गई व प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशिक्षण योजनाएं, उपलब्धियां एवं छात्रवृत्ति, कैंप संचालन तथा शिक्षण संस्थानों से संबंधित जानकारियां एवं गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। ब्रिगेडियर



साहब द्वारा विगत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स जिसमे कॉर्पोरल साहिल, सार्जेंट निखिल कुमार, कैडेट येसी, सलोनी, कॉर्पोरल प्रभाकर बडोला, सार्जेंट रजत रावत आदि से एनसीसी में चल रही योजनाएं व भविष्य में होने वाले क्रियाकलापो पर जानकारी प्राप्त की गई। ब्रिगेडियर साहब द्वारा कैडेट्स को बताया गया की एनसीसी निदेशालय उत्तराखंड के तीन कैडेट्स, कैडेट वीरेंद्र सामंत, कैडेट मुकुल बंगवाल व कैडेट सचिन कुमार द्वारा साहस, दृढ़ता व अनगिनत चुनौतियों को पार करने की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक चढ़ाई पूरी की व यह सिद्ध किया कि जब सपनों में विश्वास और कठिन परिश्रम होता है तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता । आज वाहिनी निरीक्षण के अवसर पर कैप्टन सुशील कुमार आर्य, कैप्टन विशाल शर्मा, थर्ड ऑफिसर सुनीता नौटियाल, केयरटेकर विक्रांत चौधरी, केयरटेकर शाहिना प्रवीन, सूबेदार मेजर अमर सिंह, सूबेदार पंकज पाल, सूबेदार राजेश, सूबेदार सुनील सिंह, बीएचएम भरत सिंह, हवलदार पूरन सिंह नेगी, दीपक, प्रदीप, सुरजीत, जगत, नरेश चंद्रा, सन्दीप प्रजापति, वरिप्रअधि दीपा शर्मा, मुख्य सहायक गोपाल शर्मा, प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर, डीईओ संदीप, धर्म सिंह, मीनाक्षी, वाहन चालक जसवीर सिंह, विमल पंवार, पुरषोत्तम, अनुज गिरी, सुनील भाई, राजवीर, सुभाष, राकेश, विवेक, रामकुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के शिष्टमंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की जनपदीय इकाई के एक शिष्ट मंडल ने संरक्षक डॉ0 घनश्याम गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य शिक्षा अधिकारी के0 के0 गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

जानकारी के अनुसार परिषद के मीडिया प्रभारी बी0एस0एम0 इण्टर कालेज रूडकी के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने बताया कि शिष्ट मंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के0 के0 गुप्ता को अशासकीय विद्यालयों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार पर आपळ्ति जतायी तथा रोजमर्रा के सामान्य कार्यों में भी विलम्ब करने अथवा अडचन लगाने जैसी समस्याओं को मुख्य रूप से रखा। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि अशासकीय विद्यालयों के साथ भविष्य में कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। जिलाध्यक्ष डॉ0 दीपक शर्मा तथा जिला मंत्री अरविन्द शर्मा ने सी0ई0ओ0 को बताया कि जनपद में अशासकीय विद्यालयों का बोर्ड परीक्षाफल शासकीय विद्यालयों से बहुत ऊपर है। बोर्ड की वरीयता सूची में हाईस्कूल व इण्टर के 16 बच्चे अशासकीय विद्यालयों के ही है। सी0ई0ओ0 ने स्वीकार किया कि मैनेजमैन्ट के विद्यालयों की शैक्षिक गुणवळा वास्तव में अधिक हैं। उन्होंने हर तरह से अशासकीय विद्यालयों के प्रोत्साहन का आश्वासन दिया।

शिष्ट मंडल में भल्ला इ0 का0 के प्रधानाचार्य ओ0 पी0 गोनियाल, किसान इ0 का0 बहवलपुर के प्रधानाचार्य हितेश गुप्ता, एस0 एम0 एस0 डी0 इ0 का0 कनखल की प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा, आनन्द मयी सेवासदन की प्रधानाचार्य डॉ0 लक्ष्मी देवी तथा आर्य कन्या पाठशाला इ0 का0 रूडकी की प्रधनाचार्या चन्द्रप्रा गुलेरिया शामिल रही।

## गैंगस्टर ने दोस्त के साथ मिलकर तोड़े थे दुकान के ताले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गैंगस्टर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर इनवर्टर-बैटरी की दुकान पर धावा बोला था। पुलिस ने आरोपियों से लैपटॉप, बिजली उपकरण समेत अन्य सामान बरामद कर लिया है। वहीं हजारों रुपये की रकम बरामद नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली को सुनील कुमार सैनी ने तहरीर देकर बताया था कि पिज्जा कंपनी के पास बैटरी और इनवर्टर की दुकान है। 14 अप्रैल को दुकान से 28 हजार रुपये, लैपटॉप व अन्य बिजली के उपकरण चोरी हो गए थे। घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। तभी से अपर उपनिरीक्षक एएस पंवार, हेड कांस्टेबल प्रवीण, प्रदीप भंडारी, गुलबाहर और संदीप सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए दोनों चोरों की पहचान में लगे थे। सोमवार सुबह पुलिस ने आसिफ और तस्व्वर उर्फ भूरू निवासी खंजरपुर को गिरफ्तार किया। उनके पास से लैपटॉप, पंखे का मोटर, एलईडी, प्रेस और सात शर्ट बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आसिफ के खिलाफ चोरी, गुंडा और गैंगस्टर एक्ट में अब तक दस मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वह 2012 से आपराधिक मामलों में लिप्त रहा है।

## निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार चोरी करने का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 19 मई 20 25 को नौशाद पुत्र लियाकत अली निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी जनपद हरिद्वार द्वारा अपने निर्माणाधीन मकान से 18 मई 2025 को अज्ञात चोरों द्वारा 6 बंडल तार संबंधित कंपनी के चोरी करने के संबंध में सूचना दी थी जिसके संबंध में थाने पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया था क्षेत्र में हो रही विद्युत तार चोरी की घटनाओं का एसएसपी हरिद्वार द्वारा संज्ञान लेते हुए घटनाओं के अनावरण के लिए कोतवाली लक्सर पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 20 मई 2025 को रात्रि में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से दो बंडल साबूत व दो बंडल गले हुए तार अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम शेर अलम ऊर्फ बुद्ध पुत्र अख्तर निवासी मोहल्ला ढाब सुलतानपुर लक्सर बताया।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बैंक खाते में गलत नाम मोनी सिंह व जन्म तिथि 20.05.1991 अंकित हो गया है जबकि शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम रेशमा कुमारी व सही जन्म तिथि 12.12.1998 है। इसलिए भविष्य में मुझे सही नाम रेशमा कुमारी व सही जन्म तिथि 12.12.1998 के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा व दर्ज किया जाए।

**रेशमा कुमारी पुत्री रामाधार सिंह नि. वार्ड नं० 11 नजदीक डालवाला, पी०सी०एफ० गोदाम ऋषिकेश, सुभाष बनखडी, देहरादून, उत्तराखण्ड**-249201

## अवैध चाकू के साथ एक धरा

**लक्सर।** पुलिस ने संदिग्ध घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लकसर के द्वारा जानकारी दी गई एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर प्रभावी रूप से कारवाई में विशाल पुत्र हरी सिंह निवासी भोगपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल संदीप रावत विरेंद्र सिंह शामिल रहें।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस का हंटर, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कारवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार संदिग्ध व्यक्तियों दुवारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावित करवाई किया जाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा बारीकी से चेकिंग करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम पनकज पुत्र ऋषिपाल निवासी सलेमपुर महदूद कोतवाली रानीपुर जिला हरिद्वार बताया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल सौदीश कुमार कांस्टेबल कपिल देव शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

उत्तराखंड पारिस्थितिकीय पर्यटन सलाहकार परिषद के राज्य मंत्री ने

## नारसन बॉर्डर ग्रीन कार्ड सेंटर का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** उत्तराखंड पारिस्थितिकीय पर्यटन सलाहकार परिषद के राज्य मंत्री ओम प्रकाश जमदग्नि ने आज नारसन बॉर्डर स्थित ग्रीन कार्ड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर में चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सराहना की। ऐआरटीओ एल्विन रॉक्सी से व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान मंत्री जमदग्नि ने ग्रीन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया, यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं और सेंटर पर तैनात कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया और प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान मनोज त्यागी, जिलाध्यक्ष डॉ मधु, ।त्ज० प्रशासन एल्विन रॉक्सी ,के के बिजल्वाण , राकेश जोशी आदि मौजूद रहे।



## लक्सर तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं, 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सौरव अस्वान ने लोगों की जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 32 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। एसडीएम सौरव अस्वान ने बताया कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें चकबंदी, चकरोड, पैमाइश, बिजली, सड़क और गंदे नालों की सफाई से संबंधित थीं। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ विभागों के कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, और जो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं, उनके खिलाफ संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

एसडीएम ने यह भी बताया कि प्राप्त सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है और उन्हें समयबद्ध तरीके से मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि कोई अधिकारी अपने काम में लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसील दिवस का यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने और समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लक्सर तहसील दिवस अनेक लोग मौजूद थे।



## इक्वाइन इन्फ्लुएंजा संक्रमण काबू में: बहुगुणा

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों में पाया गया इक्वाइन इन्फ्लुएंजा संक्रमण काबू हो गया है। फिलहाल सभी घोड़े-खच्चर स्वस्थ्य हैं और यात्रियों के साथ ही आवश्यक सामग्री पैदल यात्रा पड़ावों व धाम तक पहुंचा रहे हैं। बीते कुछ दिनों से किसी भी घोड़े-खच्चर में संक्रमण की शिकायतें नहीं मिली हैं। यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों की लगातार मानेटरिंग भी की जा रही है। सात स्थानों पर पशु चिकित्सकों की टीमे तैनात की गई हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरों को रीड़ की हडडी कहा जाता है। यह घोड़े खच्चर यात्रियों की आवाजाही कराने के साथ ही आवश्यक सामग्री को ढ़ोने का भी कार्य करते हैं। केदारनाथ यात्रा के शुरूआती चरण में यात्रा में संचालित होने वाले कुछ घोड़े-खच्चरों में इक्वाइन इन्फ्लुएंजा संक्रमण पाया गया था। जिसके बाद कुछ दिनों के लिये घोड़े-खच्चरों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी।

# विभागों में ई-ऑफिस की व्यवस्था शीघ्र की जाएगी लागू

■ मुख्य सचिव ने शासन के सभी सचिवों को दिए निर्देश, जनपद पौड़ी में ई-ऑफिस व्यवस्था कर रही बेहतर काम, विभागों की वेबसाइट अपडेट कराएंगे सभी सचिव



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** शासन के सचिव अपने-अपने विभागों में ई-ऑफिस लागू करेंगे, ताकि विभागों के आपसी समन्वय में भी आसानी रहे। मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को अपने-अपने विभागों में ई-ऑफिस लागू किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों एवं जनपदों में ई-ऑफिस लागू किया जाए। मुख्य सचिव ने ई-ऑफिस लागू करने में जनपद पौड़ी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए बाकी जनपदों विशेषकर देहरादून, नैनीताल एवं हरिद्वार जनपद को भी शीघ्रातिशीघ्र ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यों को किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने ई-ऑफिस सिस्टम के अंतर्गत शासन एवं निदेशालय के मध्य समन्वय मैकेनिज्म को सरल किए जाने की बात भी कही।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी सचिव अपने-अपने विभागों की वेबसाइट भी अपडेट कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने आईटीडीए के माध्यम से तैयार नए फॉर्मेट में विभागीय वेबसाइट को अपडेट किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ई-ऑफिस की दैनिक गतिविधियों में विभागीय कार्मिकों को आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए आईटी विभाग द्वारा विभागीय कार्मिकों को ई-ऑफिस एवं वेबसाइट अपडेट के लिए तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाए।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगोली, नितेश कुमार झा, राधिका झा, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, डॉ. रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, चंद्रेश कुमार यादव, डॉ. आर. राजेश कुमार, डॉ. नीरज खैरवाल, दीपेन्द्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार सुमन एवं रणवीर सिंह चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पदक विजेताओं को नकद इनाम के लिए पैसा जारी

■ खेल मंत्री रेखा आर्या ने जताया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार
■ 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड के सभी विजेताओं को दी बधाई



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को उनकी नगद इनाम राशि का पैसा जल्द मिलने वाला है। इसके लिए शासन से मंगलवार को 15 करोड रुपए जारी कर दिए गए हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने नगद इनाम राशि को दोगुना कर दिया था।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि अब तक के राष्ट्रीय खेलों के इतिहास में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने पर इतनी नगद इनाम राशि किसी भी राज्य में नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में प्रदेश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की संख्या कुल मिलाकर 240 के आसपास है।

रेखा आर्या ने बताया कि उन्होंने बीते सप्ताह कैबिनेट की मीटिंग में मुख्यमंत्री के समक्ष इस प्रकरण को उठाया था।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह उनके आग्रह पर त्वरित कारवाई की उसके लिए वें मुख्यमंत्री की बहुत आभारी हैं। शासन ने अब इस मद के लिए कुल 15 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है ।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि जल्द से जल्द कार्यक्रम आयोजित कर सभी पदक विजेताओं को उनकी नगद इनाम राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने के लिए भी प्रक्रिया चल रही है और इसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

# जिला अस्पतालों में तैनात होंगे शत-प्रतिशत विशेषज्ञ चिकित्सक: डॉ. रावत

■ कहा - प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रत्येक जिला अस्पताल एवं उप जिला अस्पताल में आईपीएचएस मानकों के अनुरूप शत-प्रतिशत विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैरामेडिक स्टॉफ तैनात किया जाय ताकि 90 फीसदी मरीजों का उपचार वहीं पर किया जा सके।

इसी प्रकार उन्होंने सूबे के पांच राजकीय मेडिकल कॉलेजों के सम्बद्ध अस्पतालों में भी मरीजों को समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये ताकि 98 फीसदी मरीज मेडिकल कॉलेजों में अपना उपचार कर सके। डॉ. रावत ने कहा कि अवकाश पर जाने वाले चिकित्सकों के विकल्प के रूप में वैकल्पिक व्यवस्था पूर्व से निर्धारित कर ली जाय, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जिला चिकित्सालयों में मूलभूत सुविधाओं के साथ अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, एक्स-रे, एमआरआई, ईसीजी, ईईजी सहित पैथौलॉजी की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ वह आने वाले मरीजों को आसानी से उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार उप जिला चिकित्सालयों में भी आधारभूत सुविधाओं के साथ ही एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथौलॉजी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

डॉ. रावत ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि स्थानीय स्तर पर ही लोगों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय ताकि कम से कम मरीजों को एम्स व अन्य निजी अस्पतालों में रैफर कराना पड़े।

इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि यदि कोई चिकित्सक अनावश्यक रूप से मरीजों को रैफर करते पाया जाता है उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि आईपीएचएस मानकों के तहत अनुमन्य पदों के अलावा भी जिला या उप जिला चिकित्सालयों में स्टाफ की आवश्यकता पड़ती है तो इस संबंध में औचित्यपूर्ण प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में रखा जायेगा।

# विश्वनाथ मंदिर मार्ग से दो कुंतल से ज्यादा मांस बरामद

■ गौ रक्षा विभाग और भैरव सेना संगठन की बड़ी कार्रवाई पुलिस को मौके पर बुलाकर मांस को करवाया नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पड़ावों में आये दिन मांस की बिक्री से हिन्दू संगठनों में आक्रोश बना हुआ है। मंगलवार को विश्वनाथ मंदिर मार्ग गुप्तकाशी में मांस बेचने की सूचना पर भैरव सेना संगठन, गौ रक्षा विभाग के साथ स्थानीय जागरूक लोगों ने दुकान में जाकर विरोध जताया और पुलिस को मौके पर बुलाकर मांस को नष्ट करवाया।

बता दें कि केदारनाथ यात्रा शुरू होने से पूर्व भैरव सेना संगठन और गौ रक्षा विभाग ने पुलिस प्रशासन को पत्र देते हुए यात्रा पड़ावों में मांस की ब्रिकी पर रोक लगाने की मांग की थी, जिसके बाद आये दिन यात्रा पड़ावों में मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

आये दिन केदारनाथ यात्रा पड़ाव के सोनप्रयाग, गौरीकुंड सहित अन्य क्षेत्रों में मांस की ब्रिकी करने वाले पकड़े जा रहे हैं, जबकि मंगलवार को गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर मार्ग में डेढ़ कुंतल बकरे और मुर्गे के मांस के साथ 80 किलो मच्छी बरामद की गई। भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष अशोक सेमवाल, गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी, धर्म-संस्कृति विभाग के प्रदेश सचिव मोहित मैठाणी, उप प्रमुख शैलेन्द्र कोटवाल, समाज सेवक सुभाष अंथवाल ने कहा कि विधर्मी लोग हिन्दुओं के आस्था के केन्द्रों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

पुलिस की जगह-जगह चेकिंग के बावजूद भी अवैध तरीके से मांस को यात्रा मार्गों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे हिन्दू संगठनों में आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जो लोग यात्रा पड़ावों में मांस बेच रहे हैं, उन्हें जेल भेजने के साथ ही भारी भरकम अर्थदंड की कार्यवाही भी होनी चाहिए, जिससे ये भविष्य में इस प्रकार का कृत्य ना कर सकें।

## स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराया जा रहा ऋण

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगार महिलाओं व पुरुषों के लिए स्वरोजगार प्रारंभ करने को लेकर अधिकतम दस लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक समुदाय के इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज जमा कर योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी/पदेन जिला प्रबंधक अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम हर्षवर्धन भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम द्वारा संचालित अल्पसंख्यक समुदाय के बेरोजगारों के लिए अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना संचालित है। उन्होंने जनपद के अंतर्गत निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि जो स्वयं की योजना अथवा रोजगार स्थापित करने के इच्छुक हों, वह 16 जून 2025 तक आवश्यक दस्तावेज (आय प्रमाण पत्र, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के साथ आवेदन कर सकते है।

# पाकिस्तानी भाषा बोल रहे राहुल गांधी और खड़गे : भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑपरेशन सिंदूरश पर दिए विवादास्पद बयानों को पाकिस्तानी भाषा करार दिया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आलाकमान भारतीय सेना के शौर्य पर चोट करने और दुश्मनों का हौसला बढ़ाने के लिए सवाल पूछते हैं।

उन्होंने मीडिया में जारी प्रतिक्रिया में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयानों को दुर्भाग्यपूर्ण, अनर्गल और देश की छवि खराब करने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस दिखावे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर देश का साथ देने की बात करती है, जबकि सच यह कि सेना की सफलता से उन्हें तकलीफ हुई है। अन्यथा उनके सर्वोच्च नेता राहुल कम से कम एक बार तो प्रधानमंत्री और देशवासियों को ऑपरेशन की सफलता पर बधाई देते। उनकी मंशा दिखाने के लिए उनका यही सवाल काफी है कि वे भारत के फाइटर जेट नुकसान की संख्या पूछते हैं, बावजूद ध्वस्त पाक विमानों की संख्या जानने के। उन्होंने आरोप लगाया कि कि राहुल गांधी पाकिस्तान और उसके शुभचिंतकों वाली भाषा बोल रहे हैं। जबकि यह ऑपरेशन स्पष्ट रूप से भारत की ताकत को दर्शाता है, जिसे दुनिया ने स्वीकार किया है। बजाय इसके उनका बार बार देश के जेट खोने की सूचना मांगना, बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि एक बार भी उनके द्वारा यह नहीं पूछा गया कि संघर्ष के दौरान कितने पाकिस्तानी जेट मार गिराए गए या भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी एयरबेस पर बमबारी के दौरान कितने विमान अपने हैंगर में खड़े रहते हुए नष्ट हो गए। उन्होंने कहा कि, राहुल विदेश मंत्री के जिस बयान की बात कर रहे हैं, उस पर भारत का स्टैंड पहले दिन से स्पष्ट है। सरकार द्वारा अनेकों मंचों बार-बार कहा गया कि हमारी कार्यवाही पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों और उनके ठिकानों पर है। वहीं आज पाकिस्तान के झूठे दावों की पोल भारतीय सेना के साथ-साथ दुनिया के तमाम रक्षा विशेषज्ञ एवं मीडिया खोल रहा है, तो राहुल गलत बयानबाजी कर किसे लाभ पहुंचाना चाहते हैं।

# 31 को हल्द्वानी में होगी कांग्रेस की 'जय हिंद' रैली

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन देश पाकिस्तान के खिलाफ देश के सैन्य बलों के अदम्य साहस के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए देश भर में कांग्रेस की और से आयोजित होने वाली जय हिंद रैलियों की श्रृंखला में उत्तराखंड के हल्द्वानी में आगामी 31 मई को जय हिंद रैली आयोजित की जाएगी।

यह निर्णय मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की जूम बैठक में लिया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से रैली के बारे में मंत्रणा की।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि आगामी 31 मई को हल्द्वानी में आयोजित होने वाली जय हिंद रैली को सफल बनाने के लिए सभी नेताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सत्ताधारी भाजपा अपनी पार्टी की जीत के रूप में प्रचारित करने के चक्कर में देश की सेना व सैनिकों का ही अपमान करने पर तुल गई है जिससे आम भारतीय नागरिक में आज आक्रोश है।

बैठक को पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, भुवन कापड़ी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक सुमित हृदयेश ने भी संबोधित किया। बैठक में विधायक ममता राकेश, विधायक मनोज तिवारी, विधायक फुरकान अहमद, विधायक लखपत बुटोला, विधायक सुमित हृदयेश, विधायक अनुपमा रावत, विधायक रवि बहादुर, विधायक वीरेंद्र जाती, ज्योति रौतेला, अध्यक्ष विकास नेगी, सेवा दल अध्यक्ष हेमा पुरोहित, राहुल छिमवाल, गोविंद बिष्ट,हिमांशु गावा, सीपी शर्मा, मुशर्रफ हुसैन उपस्थित रहे। बैठक को सरदार अमरजीत सिंह ने संचालित किया।

# सत्ता में बने रहने की नहीं, बल्कि असल जिम्मेदारी जनता की सेवा: धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने किया महापौर व नगर पालिका अध्यक्षों से संवाद



■ धामी ने महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता को तीन वेब पोर्टल लॉन्च किए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकायों के कार्यालयों को डिजिटल किया जाएगा, रजत जयंती पार्क बनाने, नगर निकायों में वेंडिंग जोन बनाने की घोषणा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सीएम धामी ने राज्य के सभी नगर निकायों के जनप्रति. निधियों को नसीहत दी है कि वे अपनी भूमिका को केवल एक ष्पदष के रूप में न देखें, बल्कि इसे जनसेवा के एक मिशन के रूप में अपनाएं। सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी ष्ट्रिपल इंजनष सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यों का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। आप सभी अपने-अपने निकाय कार्यालय को केवल एक प्रशासनिक इकाई ही नहीं, बल्कि उसे एक श्सेवा केंद्रश के रूप में विकसित करें, जहाँ प्रत्येक नागरिक बिना झिझक के पूरे विश्वास के साथ आएं। आप सभी पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी को अपनी कार्यशैली का मूल मंत्र बनाएं। आप लोग नियमित रूप से विशेषकर उन कार्यों की मॉनिटरिंग स्वयं करें, जिनमें भ्रष्टाचार की संभावना अधिक रहती है क्योंकि प्रशासनिक स्तर पर आपकी सतर्कता ही सुशासन की सबसे बड़ी गारंटी बन सकती है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को ये स्पष्ट संदेश दें कि किसी भी स्तर पर भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेरा मानना है कि हमारी जिम्मेदारी केवल सत्ता में बने रहने की ही नहीं है, बल्कि हमारी असल जिम्मेदारी जनता की सेवा करने की है। इस अवसर पर मेयर दून सौरभ थपलियाल, सभी नगर निगमों के मेयर, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, सचिव नितेश कुमार झा, नगर आयुक्त नमामि बंसल, शहरी विकास विभाग के अधिकारी व विभिन्न स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राशन कार्ड के लिए दर-दर भटक रही विधवा महिला की डीएम ने सुनी फरियाद

**देहरादून।** राशन कार्ड बनाने के लिए दर दर भटक रही विधवा महिला शकुंतला दत्त शर्मा, निवासी प्रभु कॉलोनी, चन्द्रबनी, देहरादून मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंची। महिला ने अपनी सारी व्यथा डीएम को सुनाई। बताया कि पति का निधन हो चुका है। प्रार्थनी के कोई बच्चे नही है। कई बार आवेदन करने के बाद भी उनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है। जिस कारण उनकी वृद्धावस्था पेंशन भी नहीं लग रही है। महिला ने जिलाधिकारी से राशन कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन लगाने की गुहार लगाई। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी से महिला का राशन कार्ड की सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए राशन कार्ड निर्गत करने के आदेश जारी किए।

# डॉ. पनगढ़िया ने किए बाबा केदार के दर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और आयोग के अन्य सदस्य केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। धाम में दर्शन के पश्चात डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में हो रहे विकास एवं पुनर्निर्माण के कार्य अत्यंत तेज गति और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जा रहे हैं। उन्होंने इन कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार और प्रशासन द्वारा जिस प्रकार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। डॉ. पनगढ़िया ने यह भी कहा कि केदारनाथ धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हिमालय की गोद में स्थित एक अद्भुत प्राकृतिक धरोहर भी है। उन्होंने धाम के आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की और कहा कि यह स्थान पर्यावरणीय संतुलन और आध्यात्मिक शांति का अद्वितीय संगम है। कहा कि देश के इस प्रमुख तीर्थस्थल को जिस रूप में पुनर्जीवित किया जा रहा है, वह देश के लिए गर्व की बात है। जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने 16 वें वित्त आयोग के दल में शामिल सभी सदस्यों का केदारनाथ धाम में स्वागत किया। जिला प्रशासन की और से सभी आगंतुकों को स्मृति चिह्न, केदारनाथ धाम प्रतिकृति एवं स्थानीय उत्पादों से बने हुए शॉल भेंट किए गए।

# प्रदेश के तीन एनसीसी कैडेट्स ने किया माउंट एवरेस्ट फतह

■ उत्तरकाशी कीर्ति इंटर कॉलेज के 16 वर्षीय सचिन ने बढ़ाया उत्तराखंड का गौरव



चिरंजीव सेमवाल

**उत्तरकाशी।** प्रदेश के तीन तीन युवा एनसीसी कैडेट्स ने 18 मई को विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह किया है।

इस में जनपद के पीएमश्री राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कॉलेज उत्तरकाशी इंटर के छात्र कैडेट 16 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र कुंवर पाल व अनीता निवासी, ग्राम दडमाली, पोस्ट पुजारगांव धनारी तहसील डुंडा उत्तरकाशी में विश्व की सबसे बड़ी चोटी मॉउंट एवरेस्ट फतह किया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के लिए 18 मई 2025 को एतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई जो यह सिद्ध करती है कि जब सपनों में विश्वास और कठिन परिश्रम होता है तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता ।

इन साहसी युवा पर्वतारोहियों कैडेट वीरेन्द्र सामन्त, 29 उत्तराखण्ड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर, देहरादून, कैडेट मुकुल बंगवाल, 4 उत्तराखण्ड वाहिनी राश्ट्रीय कैडेट कोर, पौडी, कैडेट सचिन कुमार, 3 उत्तराखण्ड वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट कोर, उत्तरक. ाशी ने दुनिया की सबसे ऊँची पर्वत चोटी को चढकर ना केवल अपने व्यक्तिगत साहस को परखा, बल्कि यह संदेश भी दिया कि भारत के युवा अगर ठान लें तो कोई भी चुनौती उनके रास्ते में नहीं आ सकती ।

कैडेट वीरेन्द्र सामन्त ने कहा, यह हमारी जीत नहीं है, यह हर उस युवा की जीत है जो सपने देखता है। हमने कडी चुनौतियों का सामना किया लेकिन हर कदम में हमारे अंदर विश्वास था- अपने आप पर, अपनी टीम पर और इस सपने को पूरा करने पर।

एनसीसी में हम हमेशा कहते हैं कि नेतृत्व कठिन समय में ही पैदा होता है। इन युवा पर्वतारोहियों ने इस सिदधांत को अपने कार्यां से साबित किया है। उत्तराखण्ड एनसीसी के अपर महानिदेशक, मेजर जनरल रोहन आनन्द, सेना मेडल ने कहा "जो उन्होंने किया है वह एक पीढी को प्रेरित करेगा, ताकि वे अपने डर को पार कर सकें और असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कर सकें।

## ऑनलाइन आधार पर ही होगा खाद्यान्न वितरण

**रुद्रप्रयाग।** राशन कार्ड धारकों से अपील की कि जिन उपभोक्ताओं का आधार कार्ड मोबाइल नंबर से लिंक नहीं है अथवा आधार कार्ड अपडेट नहीं है। ऐसे सभी राशन कार्ड धारक अपना मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिंक करवाना सुनिश्चित करें। ऐसा न होने की दशा में उन्हें राशन से वंचित होना पड़ सकता है। जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में माह मई 2025 से ई-पॉस मशीन के माध्यम से शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक/ऑनलाइन आधार पर ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। इसके अलावा विषम परिस्थितियों कार्ड धारकों की सुविधा के लिए ई-पॉस मशीन में फिंगर प्रिंट स्कैन न होने की स्थिति में आधार ओटीपी के माध्यम से राशन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे सभी राशन कार्ड धारकों से अपील करते हुए कहा कि वह 31 मई 2025 तक अपने नजदीकी सीएससी सेंटर में जाकर अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक करवाना सुनिश्चित करें।

# बॉर्डर 2: सनी देओल से मिले वरिष्ठ आईएएस बंशीधर तिवारी

■ फिल्म बॉर्डर 2 की देहरादून में शूटिंग सेट पर सकारात्मक चर्चा, उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सीईओ है बंशीधर तिवारी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय भी मिले



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग देहरादून के हल्दूवाला क्षेत्र में हो रही है। शूटिंग के लिए सुपर हीरो सन्नी देओल इन दिनों देहरादून में हैं। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने मंगलवार को फिल्म बॉर्डर 2 के सेट पर प्रसिद्ध अभिनेता सनी देओल और निर्देशक अनुराग सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ परिषद के संयुक्त सीईओ डॉ. नितिन उपाध्याय भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान उत्तराखंड की फिल्म नीति, लोकेशन विविधता और राज्य सरकार की ओर से दिए जा रहे समर्थन पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बनी उत्तराखंड की वर्तमान फिल्म नीति को देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों में एक माना जा रहा है। तिवारी ने बताया कि यहां फिल्म यूनिट को जिस तरह का सकारात्मक और सहज वातावरण मिल रहा है, वह प्रदेश को फिल्म निर्माण की दृष्टि से एक सशक्त गंतव्य बनाता है।

### फिल्म में कई प्रसिद्ध कलाकार

बॉर्डर 2 की बात करें तो यह फिल्म जेपी दत्ता, निधि दत्ता और टी-सीरीज के प्रोडक्शन में बन रही है, जिसकी शूटिंग फरवरी से देहरादून में चल रही है। केसरी फेम अनुराग सिंह इसके निर्देशक हैं और इसमें सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे प्रमुख कलाकार शामिल हैं।

### बॉर्डर 2 है 1971 के युद्ध पर आधारित

फिल्म के प्रोड्यूसर बिनोय गांधी ने बताया कि फिल्म 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है और इसके लिए देहरादून के हल्दूवाला क्षेत्र में कश्मीर के एक गांव का भव्य सेट बनाया गया है। सेट निर्माण की शुरुआत पिछले साल नवंबर में हुई थी। फिल्म में युद्ध के सीन, टैंक और सेना के मूवमेंट जैसे दृश्य शामिल हैं और इसका विजुअल प्रजेंटेशन वीएफएक्स के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर मयूर शर्मा हैं और एक्शन डायरेक्शन की जिम्मेदारी रवि वर्मा निभा रहे हैं, जो पहले जाट जैसी फिल्मों में भी अपने काम के लिए सराहे जा चुके हैं। इस प्रोजेक्ट से रोजाना लगभग 350 स्थानीय लोगों को काम मिल रहा है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 21 मई 2025

## कौन मीरजाफर, जयचंद

इस समय देश में बेहद विरोधाभासी बातें हो रही हैं। एक तरफ सरकार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वैश्विक कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए सात संसदीय दल गठित कर विदेशों में भेज रही है, जो 21 महीने से पांच जून तक 33 देशों की यात्रा करेंगे। इन दलों में 51 राजनेता एवं आठ राजनयिक शामिल किए गए हैं और उसकी शुरुआत शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में आज यानि 21 मई से होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमारे तमाम राजनी. तिक दल आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। बात मीजर जाफर व जयचंद तक भी पहुंच गई है। इसकी शुरुआत मंगलवार को भाजपा नेता अमित माल्वीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनीर के साथ मिक्स किया, तो इसके जवाब में कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार की सांय तीन बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर को जयचंद करार दिया गया। इससे तुच्छ राजनीति और क्या हो सकती है। ऐसे समय में जब पूरे देश को एकजुट होने की जरूरत थी, वह पूरी तरह बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। आखिर जो हमारा डेलिगेशन भारत का रुख रखने के लिए विदेशों में जा रहा है। उसकी इस तरह साख क्या रह जाएगी। जब देश में इस तरह आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है और विदेश मंत्री को जयचंद बताया जा रहा है और नेता प्रतिपक्ष को मीर जाफर, तो बाहर के लोग ये माजरा देखकर हमसे कितने प्रभावित होंगे यह कोई भी आसानी से समझ सकता है। सभी जानते हैं कि मीर जाफर मुगल जनरल था और उसको भारतीय इतिहास में विश्वासघात का प्रतीक माना जाता है। असल में 1757 की प्लासी की लड़ाई में उसने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ दिया था और उसने ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ समझौता किया था। जिसके चलते सिराजुद्दौला की हार के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बना दिया था, तो सिराजुद्दौला से गद्दारी करना मीर जाफर को इतना भारी पड़ा कि वह इतिहास में दर्ज हो गया और उसका नाम दशकों बाद भी गद्दारों के पर्यायवाची के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। सवाल यह है कि जब सरकार ही अपने देश में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राजनीतिक दलों व जनता को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर पा रही है, तो कहीं न कहीं यह तो माना ही जाएगा कि सरकार की नीति में झोल है। यह ठीक है कि हर बात को बताना जरूरी नहीं होता, लेकिन यह भी सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहां उठते सवालों के जवाब लोगों की जिज्ञासा को शांत कर सकें। सरकार को यह भी समझना होगा कि सरकार की आलोचना करना देश की आलोचना नहीं होता। हर कोई जानता है कि विकट परिस्थितियों में आपसी भरोसे व एकजुटता के साथ ही सफलता पाई जा सकती है। ऐसे में जरूरत थी कि पूरा राष्ट्र एक धागे में माला की तरह गुथा हुआ दिखाई देता।

## निजी मदरसों के प्रति रवैया बदले सरकार



उप्र के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या चिंता का विषय है, निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन करना चाहिए, यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023–24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024–25 में मात्र 1.52 करोड़, अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट आई, सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है, शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है, फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर–जरूरी व अनुचित है, निजी मदरसों के प्रति सरकार रवैया बदले तो बेहतर रहेगा।

**–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# समूची मानवता का शत्रु है आतंकवाद

**धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में सुधार आने की उम्मीद है, सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं।**

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस 21 मई पर विशेष**



जम्मू–कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साए में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निर्दोषों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं–बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन–संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे।

यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के पेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची–समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिलाकर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनी. तिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू–कश्मीर में सुरक्षाबलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे–धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं।

हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया।

यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार–बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग–थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार–बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ–साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, अब वह संख्या इक्का–दुक्का रह गई है। भारत की वर्तमान नीति आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन–मन के .ढ़ संकल्प का परिचायक है। बहरहाल, बेशक आतंकवाद की कमर तोड़ी जा रही है लेकिन अब भी इसकी अंतिम परछाई को मिटाना बाकी है।

जब तक देश का कोई भी कोना आतंक से मुक्त नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल हथियारों से नहीं बल्कि समाज की एकजुटता, सूझबूझ और जागरूकता से ही जीती जा सकती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि आतंकवाद केवल सीमाओं की समस्या नहीं बल्कि मानवता का साझा दुश्मन है। आज यह आवश्यक है कि हम राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के मौके पर न केवल शपथ लें बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**–योगेश कुमार गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आतंकवाद के विरुद्ध बदले भारत के तेवर

**आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है।**

ढुलमुल नीति से कभी लक्ष्य न साधे जाएं, जैसे कम्पित अम्बु में प्रतिबिम्ब नहीं दिखाएं। धनुष–बाण संधान कर डोरी खींचो तान, इच्छाशक्ति दृढ़ करो सिद्धि मिले सुजान। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां आतंकवाद पर भारत के बदलते तेजी से रुख को परिभाषित करती हैं। आतंकवाद भारत ही नहीं, विश्व मानवता के लिए एक प्राणघातक अभिशाप है जिसका दमन, मर्दन और संहार समय की नितांत आवश्यकता है। भारत ही नहीं विश्व के अनेक देश इससे उत्पीड़ित व रक्तरंजित हुए हैं और कई देशों और संस्थाओं ने आतंकवाद को पोषित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है। उनमें से एक है–पाकिस्तान जो ओसामा बिन लादेन सहित अन्तर्राष्ट्रीय घोषित आतंकवादियों की शरणस्थली व पालक भूमि है। फिर भी जो देश बड़ी बेशर्मी से अपने को शान्ति प्रिय देश घोषित करता है, जबकि उसके संरक्षण में ही आतंकवाद पोषित व पल्लवित हुआ है। आतंकवाद छद्म युद्ध है जो किसी देश को अस्थिर करने, अर्थव्यवस्था को चौपट करने तथा विकास को अवरुद्ध करने में अपनी भूमिका निभाता है। पाक प्रायोजित आतंकवाद से भारत को गहरे घाव मिले हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। इसीलिए भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध नीति में तेजी से बदलाव किया है। भारतीय सैन्य बलों के अदम्य साहस, शौर्य व ताकत के साथ प्रधानमंत्री की आतंकवाद की जड़ों को नेस्तनाबूद करने की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है क्योंकि पहले भारत को सॉफ्ट स्टेट माना जाता था जो आतंकी हमले के बाद निन्दा के वक्तव्य जारी करने के साथ आतंकी हमलों में पाकिस्तान के हाथ होने के साक्ष्य जुटाकर और डोजियर तैयार कर अमेरिका सहित प्रमुख देशों को उसे साझा कर कूटनीतिक अभियान चलाया जाता था और पाकिस्तान पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती थी, क्योंकि भारत के सैन्यबलों के पास आधुनिक उन्नत हथियारों और रक्षा उपकरणों की कमी थी और सबसे बड़ी बात भारत के राजनीतिक नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त कार्यवाही की इच्छाशक्ति का घोर अभाव था जबकि 12 मार्च 1993 के मुम्बई धमाके, 13 दिसम्बर 2001 का संसद पर हमला, 26/11/08 का मुम्बई हमले के साथ ही ट्रेन, मन्दिर, न्यायालय व सैन्य ठिकानों पर आतंकी हमले भारत की आत्मा पर हमले थे किन्तु निन्दा प्रस्ताव और डोजियर के अलावा कोई ठोस प्रत्युत्तरात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण आतंकवादियों के हौसले बुलंद थे किन्तु 2014 में सत्ता परिवर्तन के साथ सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया। परिणामस्वरूप आतंकवाद जम्मू–कश्मीर तक सीमित रह गया। 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकी कैम्पों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जबाव दिया और पाकिस्तान को सचेष्ट करने का प्रयास किया कि उसे आतंक की कीमत चुकानी पड़ेगी किन्तु चोर चोरी से जाय हेराफेरी से न जाए, की कहावत को चरितार्थ करते हुए 2019 में पुलवामा आतंकी हमलों को अंजाम दिया, जिसका कड़ा जबाव भारत ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवाद पर भारत ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के साथ विश्व स्तर पर मित्र देश बढ़ाने, अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ –साथ सैन्य क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण व आधुनिककरण पर बल दिया और सैन्यबलों को परमाणु हमलों में सक्षम आईइनएस अरिहंत, अरिघात, अरिदमन पनडुब्बियों, एयेर डिफेंस सिस्टम एस–400 और स्वदेशी आकाश, इजरायल की बराक मिसाइलों और हारोप ड्रोन, राफेल युद्धक विमानों से सुसज्जित किया ताकि सैन्यबल पाकिस्तानी हमलों को विफल करने के साथ लक्ष्य निर्धारित सटीक कार्यवाही करने में सक्षम हो सकें, जिसकी परिणति पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिली। इस ऑपरेशन में 9 जगह में से 4 पाकिस्तान और 5 पीओके की जगहों को निशाना बनाकर हमले किए गए जो लश्कर, जैश और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केंद्र व शरणस्थली थे। इसके साथ ही लश्कर का मुख्यालय मुरीदके और जैश के मुख्यालय बहावलपुर को भी निशाना बनाया गया। पहली बार आतंकी कैम्पों को पालने, पोसने और समर्थन देने वालों को निशाना बनाया गया। भारत ने रावलपिंडी, लाहौर और कराची समेत कई पाकिस्तानी शहरों के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को ध्वस्त किया। जहां से भारत पर लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे थे। इसमें इजरायली ड्रोन–हारा.ेप, युद्धक विमान राफेल, एस–400, बराक–8 और स्वदेशी आकाश रक्षा प्रणालियों का विशेष योगदान रहा। वर्तमान में भारत बुद्ध को मानने के साथ ही युद्ध से भी नहीं डरता, क्योंकि आज का भारत छेड़ने पर किसी को नहीं छोड़ता और सुदर्शन चक्रधारी कृष्ण के इस महावाक्य को चरितार्थ करने हेतु संकल्पित है कि उत्तिष्ठ कौन्तेय, युद्धाय कृतनिश्चय अर्थात मानवता की रक्षा और आताताईयों के नाश के लिए युद्ध कर। देश इस भावना को अंगीकार कर रहा है।

**–डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस्कॉन के हुए दो फाड़ः सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला





**रजनीश कपूर**

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

16 मई 2025 को देश की सर्वोच्च अदालत ने एक 25 साल पुराने विवाद पर अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें इस्कॉन बेंगलुरु को बेंगलुरु के प्रसिद्ध हरे कृष्ण मंदिर का स्वामित्व प्रदान किया गया। जबकि इस्कॉन मुंबई के इस संपत्ति पर दावे को खारिज कर दिया गया। इस ऐतिहा. सिक जीत पर इस्कॉन बेंगलुरु के अध्यक्ष और अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक, मधु पंडित दास ने कहा कि यह विवाद संपत्तियों के स्वामित्व का नहीं था, बल्कि हमारा संघर्ष उन स्व–घोषित गुरुओं के खिलाफ था, जिन्होंने प्रभुपाद की इच्छा का उल्लंघन किया और प्रभुपाद के लिखित आदेश के विरुद्ध खुद को आध्यात्मिक गुरु घोषित कर दिया। पहले वे जोनल आचार्य बने फिर संस्था में पनपे विरोध के दबाव में उन्होंने दर्जनों गुरु बना डाले। इससे इस्कॉन का बहुत पतन हुआ। आज यह फैसला उन हजारों भक्तों की जीत है जो प्रभुपाद को ही इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानते हैं। हम अपनी सारी संपत्तियां इस्कॉन मुंबई के हवाले करने को पहले दिन से तत्पर रहे हैं। हमारी केवल एक ही शर्त है कि इस्कॉन में केवल प्रभुपाद ही आचार्य माने जाएं बाकी उनके आदेशानुसार ऋत्विक की भूमिका निभाएं।

1966 में न्यूयॉर्क में एक गौड़ीय वैष्णव संत श्रील प्रभुपाद द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन), की स्थापना की गई थी। जिसे आज पूरा विश्व हरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जानता है। इस्कॉन ने विश्व भर में भगवान कृष्ण की भक्ति और वैदिक संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्रील प्रभुपाद ने 9 जुलाई 1977 को एक लिखित निर्देश जारी किया था, जिसमें उन्होंने दीक्षा (शिष्य दीक्षा) के लिए एक ऋत्विक प्रणाली की स्थापना की थी। इसके तहत, उनके द्वारा नियुक्त 11 वरिष्ठ शिष्य ऋत्विक नए भक्तों को दीक्षा देने के लिए उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे और सभी भावी भक्त केवल श्रील प्रभुपाद के ही शिष्य होंगे। श्रील प्रभुपाद ने स्पष्ट किया था कि वे इस्कॉन के एकमात्र आचार्य बने रहेंगे और उनके बाद कोई भी शिष्य स्वयं को आचार्य या गुरु घोषित नहीं करेगा।

1977 में वृन्दावन में श्रील प्रभुपाद की महासमाधि के बाद, उनके कुछ वरिष्ठ शिष्यों (मुख्य रूप से पश्चिमी) ने उनके निर्देशों की अवहेलना की और स्वयं को उत्तराधिकारी आचार्य घोषित कर लिया। उन्होंने स्वयं दीक्षा देना शुरू किया, भव्य जीवनशैली अपनाई और अपने लिए सम्मानजनक उपा. धियां और गीत रचवाए, जो श्रील प्रभुपाद की सादगीपूर्ण जीवनशैली के विपरीत था। इस स्व–घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करने वाले भक्तों को उत्पीड़न, मंदिरों से निष्कासन, और यहां तक कि हिंसा का सामना करना पड़ा। एक चरम मामले में, वर्जीनिया में एक भक्त सुलोचना दास की 1984 में हत्या कर दी गई। अंग्रेजी में छपी एक पुस्तक, मंकी ऑन द स्टिक में इस हत्या में शामिल इस्कॉन के आज कुछ मशहूर नेतृत्व की ओर खुल कर लिखा गया है।

नवंबर 1998 में, इस्कॉन बेंगलुरु में देश–विदेश के अनेक वरिष्ठ भक्त जमा हुए और उन्होंने इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की स्थापना की। जिसका लक्ष्य स्व–घोषित गुरु प्रणाली का विरोध करना था। इस समूह ने श्रील प्रभुपाद को इस्कॉन का एकमात्र आचार्य मानने और ऋत्विक प्रणाली का पालन करने का संकल्प लिया। इस रुख के कारण, इस्कॉन मुंबई, जो स्व–घोषित गुरुओं द्वारा नियंत्रित थी, ने इस्कॉन बेंगलुरु के भक्तों को संगठन से निष्कासित करने और उनके मंदिर पर नियंत्रण करने का असफल प्रयास किया। बाद में इस्कॉन रिफार्म मूवमेंट की बैठकें कुआलालम्पुर और फ्लोरिडा जैसे शहरों में भी हुई। बेंगलुरु और मुंबई केंद्रों के बीच संपत्ति विवाद की शुरुआत 2000 में हुई, जब इस्कॉन मुंबई ने बेंगलुरु के हरे कृष्ण हिल मंदिर पर नियंत्रण का कानूनी दावा किया। इस्कॉन बेंगलुरु 1978 में कर्नाटक सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत एक स्वतंत्र संस्था के रूप में पंजीकृत थी, जबकि इस्कॉन मुंबई 1860 के सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट और 1950 के बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत थी। इस्कॉन मुंबई ने दावा किया कि बेंगलुरु केंद्र केवल उनकी शाखा है और मंदिर की संपत्ति पर उनका अधिकार है।

इस्कॉन की गुरु प्रणाली संगठन के इतिहास में एक विवादास्पद मुद्दा रही है। परंपरागत रूप से, गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गुरु को परम आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त होता है, जो शास्त्रों और पूर्ववर्ती आचार्यों के अनुसार शिक्षण देता है। भविष्य में अनाधिकृत और अयोग्य लोग स्वयं को गुरु बता कर इस्कॉन के भक्तों को गुमराह न कर सकें इसलिए ल प्रभुपाद ने इस्कॉन में ऋत्विक प्रणाली लागू की थी ताकि उनकी मृत्यु के बाद भी वे एकमात्र दीक्षा गुरु बने रहें। 1977 के बाद, इस्कॉन की गवर्निंग बॉडी कमीशन (जीबीसी) ने नई गुरु प्रणाली शुरू की, जिसमें वरिष्ठ भक्तों को दीक्षा गुरु नियुक्त किया गया। यह प्रणाली ईसाइयों के वेटिकन मॉडल की तरह सहमति और मतदान पर आधारित थी, जिसे उन्होंने लोकतांत्रिक कहा, जबकि भारत की सनातन परंपरा में गुरु का पद भगवान के समान माना जाता है और ऐसा पद प्राप्त करने के लिए गहरी साधना और उस संप्रदाय की परंपरा के आचार्य का आदेश सर्वोपरि होता है। अपना प्रचार करके चुनाव में ज्यादा वोट पा कर गुरु बनना सनातन धर्म के मूल सिद्धांत का भद्दा मजाक है। इस्कॉन के लाखों भक्तों को इस तथ्य का पता नहीं है इसलिए वे जीबीसी में होने वाले आंतरिक चुनाव को जीतने वाले लोगों को ही अपना गुरु माने बैठे हैं। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन जीबीसी द्वारा बनाए गए ऐसे दर्जनों गुरुओं का पिछले वर्षों में नैतिक पतन हो चुका है और वे संन्यास लेने के बाद फिर से गृहस्थ बन गए हैं। ये भी सन्यास प्रणाली का विद्रूप स्वरूप है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस्कॉन बेंगलुरु के लिए केवल एक कानूनी जीत नहीं है, बल्कि यह ल प्रभुपाद की रित्विक प्रणाली और उनकी आध्यात्मिक विरासत को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा ने दिया इजरायल को अलटीमेटम

## कहा: गाजा में जंग नहीं रोकी, तो ठोस कार्रवाई करेंगे, 22 देशों ने मदद मुहैया कराने को कहा



**तेल अवीव।** इजरायल के विरोध में अब पश्चिमी देश भी खुलकर सामने आ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने इजरायल गाजा में जंग रोकने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। तीनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस बयान में रविवार को इजरायल की तरफ से गाजा में पहुंचाई गई मदद को नाकाफी बताया।

साथ ही हमास से उसकी कैद में मौजूद बाकी इजरायली बंधकों को जल्द रिहा करने के लिए भी कहा गया है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने तीनों देशों के खिलाफ पलटवार भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि ये देश हमास को उसके हमले के लिए इनाम पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 22 देशों ने गाजा में मदद की पूरी तरह से बहाली के लिए एक अलग बयान पर साइन किए। पांच सहायता ट्रक गाजा में पहली बार दाखिल हुए। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि, कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में मदद पहुंचाना जरूरी है, ताकि गाजा में भूख की स्थिति न पैदा हो, क्योंकि इससे हमास के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इजरायल यह सुनिश्चित करेगा कि मदद सिर्फ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे और हमास को न मिले।

**इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों पर रोक लगा दी थी**

**पिछले ढाई महीने में गाजा में UN व बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए**



गुवाहाटी। भारी बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से लोगों को बचाते बचावकर्मी।

## पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का प्रमोशन

### पीएम शरीफ ने फील्ड मार्शल के पद पर नवाजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ असीम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। जियो न्यूज के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने आज मंगलवार को यह फैसला लिया।

मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ आपरेशन बुनयान- उम-मार्सूस के दौरान आर्मी के बेहतर तरीके से लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में असीम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। पाकिस्तान में यह रैंक केवल खास परिस्थितियों में ही दी जाती है। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को फील्ड मार्शल का दर्जा देने की मांग की गई थी। इसे लेकर इस्लामाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की थी। इसमें कहा गया था कि जनरल शरीफ के बेहतर काम के आधार पर उन्हें यह पद दिया जाए। हालांकि अदालत ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि उसके पास इस मामले में कोई निर्देश देने का अधिकार नहीं है।

**आर्मी चीफ अब पाकिस्तान सेना के दूसरे फील्ड मार्शल**

## अफगान के बाद अब ईरान को साध रहा है भारत

**नई दिल्ली।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली अकबर अह्मदियान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत में भारत-ईरान रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चाबहार पोर्ट प्रोजेक्ट और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कारिडोर पर जोर दिया गया। भारत ने क्षेत्रीय स्थिरता में ईरान की 'रचनात्मक भूमिका' की सराहना की और चाबहार प्रोजेक्ट पर सहयोग बढ़ाने में भारत की रुचि व्यक्त की। इस प्रोजेक्ट से भारत, पाकिस्तान को बाईपास करते हुए सीधे सेंट्रल एशिया तक पहुंच बना सकता है। ईरानी सचिव अह्मदियान ने भी राजनीतिक और आर्थिक सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए चाबहार प्रोजेक्ट के तेजी से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। ईरान के साथ भारत की बातचीत को पाकिस्तान को घेरने के रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। खासकर हाल के भारत-पाकिस्तान तनाव और अफगानिस्तान के साथ भारत के बढ़ते संबंधों के संदर्भ में। पाक चाबहार को अपनी भू-राजनीतिक घेराबंदी के रूप में देखता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी, जो 1999 के बाद से भारत और तालिबान के बीच पहली बात थी। इससे पहले कंधार विमान अपहरण के समय भारत-तालिबान में बात हुई थी।

**अजीत डोभाल की ईरान की सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव से बातचीत पाकिस्तान की घेराबंदी तेज**

## चीन पाकिस्तान में बना रहा दुनिया का पांचवां ऊंचा डैम

### 700 कीट होगी बांध की ऊंचाई, पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई होगी

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान में मोहमंद डैम के निर्माण को तेज करने की घोषणा की है, जो एक महत्वपूर्ण हाइड्रोपावर और वाटर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट है। चीन ने यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को लेकर बढ़ते तनाव के बीच उठाया है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डैम में कंक्रीट भरने का काम शुरू हो गया है। चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया है। इस डैम का निर्माण चीन की सरकारी कंपनी चाइना एनर्जी इंजीनियरिंग कारपोरेशन कर रही है। इस कंपनी ने 2019 में काम शुरू किया था। यह खबर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार के बीजिंग दौरे से पहले आई है, जहां वे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करेंगे। मोहमंद डैम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मोहमंद जिले में स्वात नदी पर बन रहा है। यह एक बहुउद्देशीय कंक्रीट-फेस्ड राकफिल डैम है, जो बाढ़ कंट्रोल, सिंचाई, पीने का पानी और बिजली उत्पादन के लिए बनाया जा रहा है। 700 फीट ऊंचा यह डैम दुनिया का पांचवां सबसे ऊंचा डैम होगा। यह डैम पूरा होने पर 800 मेगावाट जल विद्युत (हाइड्रोपावर) पैदा करेगा और पेशावर को हर दिन 30 करोड़ गैलन पानी सप्लाई करेगा। इसके अलावा, यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करेगा और निचले इलाकों को मौसमी बाढ़ से बचाएगा। पाकिस्तानी अखबार डान की एक रिपोर्ट के मुताबिक डैम का काम 2027 तक कंपलीट हो सकता है। फिलहाल डैम में पावर और सिंचाई टनल की खुदाई, स्पिलवे का निर्माण और अपस्ट्रीम काफरडैम पर भी काम चल रहा है।

**चीन ने इसे पाकिस्तान के लिए नेशनल प्रोजेक्ट बताया**

## ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही

मॉस्को/वाशिंगटन। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है।

पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है।

## अफगान भी रोकेगा पाक का पानी

**काबुल।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा: यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे। तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती।

यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है।

**कुनार नदी पर डैम बना रहा अफगानिस्तान, ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे: अफगान जनरल**

## चीन में सरकारी अधिकारियों के खर्च में कटौती

**बीजिंग।** चीन में सरकार ने अपने अधिकारियों को शराब और सिगरेट पर खर्च कम करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही ट्रैवल, फूड और आफिस की जगहों पर भी खर्च में कटौती करने को कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सरकारी खर्च को कम करने के लिए लिया गया है। चीन में अब आफिस में मंहगे भोजन, शराब और सिगरेट नहीं परोसे जाएंगे। प्रोग्राम में भव्य फूलों की सजावट नहीं की जाएगी। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने अधिकारियों पर खर्च में कड़ाई और बचत की मांग की है। जिसमें अधिकारियों से सरकारी संसाधनों का सावधानी से इस्तेमाल करने और फिजूलखर्ची रोकने को कहा गया है। सरकार ने हो रही फिजूलखर्ची को शर्मनाक और बचत को सम्मानजनक बताया है।

## स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

**जिनेवा /नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

